आई.एस.ओ.9001:2000 अवार्ड प्राप्त

# यश भारत

नये जमाने के साथ ...

● वर्ष- 16 अंक 267- ● जबलपुर ● मंगलवार, 1 नवम्बर, 2022 ● मूल्य- 2 रुपए ● पृष्ठ-8 ● कार्तिक मास शुक्ल पक्ष-8 ● विक्रम संवत् 2079 शके 1935




आज मप्र का स्थापना दिवस

## आज हो सकता है गुजरात चुनाव का एलान

**अहमदाबाद ,एजेंसी।** गुजरात विधानसभा चुनावों का आज एलान हो सकता है। सूत्रों की मानें तो चुनाव आयोग द्वारा आज गुजरात में चुनाव की तारीखों की घोषणा की जा सकती है। मीडिया रिपोर्ट्स की मानें तो यह चुनाव दो चरणों में हो सकता है। दिसंबर को पहले सप्ताह में वोटिंग कराई जा सकती है। अभी तक सामने आई जानकारी के मुताबिक, एक से दो दिसंबर को पहले चरण और चार से पांच दिसंबर को दूसरे चरण के मतदान हो सकते हैं।

## भूकंप के झटके

# जबलपुर सहित 6 जिलों की धरती डोली


## 4.3 की तीव्रता मापी गई, कांप गए लोग

**जबलपुर, यशभारत। जबलपुर समेत मध्य प्रदेश के 6 जिलों में मंगलवार सुबह भूकंप के झटके महसूस हुए। इसका केंद्र डिंडौरी रहा। यहां सुबह 8 बजकर 43 मिनट 50 सेकेंड पर धरती हिलने पर लोग डर गए। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 4.3 आंकी गई। जिसका हाइपो सेंटर 10 किमी गहराई पर था। डिंडौरी के साथ ही भूकंप के झटके डिंडौरी, जबलपुर, मंडला, अनूपपुर बालाघाट और उमरिया जिले में महसूस हुए।**

जबलपुर में भूकंप के हल्के झटके लगने से लोग भयाक्रांत हो गए जहां स्कूलों में बच्चों को मैदान में एकत्र कर लिया गया वहीं पनागर , बरेला, गौर और मेडिकल में ये झटके ज्यादा महसूस किए गए। शहर के अधिकांश इलाकों में ऊंची इमारतों में बैठे लोगों को इसका अहसास ज्यादा हुआ और स्पष्ट रूप से धरती के हिलने की बात एक-दूसरे से पूछते नजर आए। जानकारी के मुताबिक आज सुबह रिक्टर स्केल पर करीब साढ़े चार की तीव्रता का भूकंप का झटके महसूस किए गए। इसका केंद्र जबलपुर से 35 किलोमीटर मंडला रोड पर बताया गया है। इसके पहले वर्ष 1997 में भी भूकंप के तेज झटके लगे थे, उसका केंद्र भी मंडला रोड पर कोसमघाट के पास रहा। बता दें जबलपुर और उसके आसपास का इलाका भूकंप के लिहाज से संवेदनशील है। जानकार जबलपुर और आसपास चूने की चट्टानों को भी भूकंप का कारण बताते हैं। उनकी तरफ से अभी हल्के भूकंप के झटके आने की आशंका जताई गई है। बता दें जबलपुर को भूकंप के जोन-3 में रखा गया है। यहां पर 1997 में 6.2 रिक्टर तीव्रता का भूकंप आया था। उस समय जमकर तबाही मची थी। भूकंप के मामले में जबलपुर और नर्मदा घाटी काफी संवेदनशील मानी जाती है। नर्मदा घाटी में धरती के अंदर दो प्लेट के बीच उथल-पुथल के कारण इसे संवेदनशील माना जाता है।

(देखें पेज 3 भी)


मैदान में निकल आए बच्चे





स्कूल में सहमे बच्चे

# सोलापुर में कार ने श्रद्धालुओं को कुचला

## 7 की मौत, कई घायल

### पीड़ित परिवारों को सीएम ने 5-5 लाख देने का ऐलान किया

**सोलापुर, एजेंसी।** महाराष्ट्र के सोलापुर में सोमवार शाम तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से 7 श्रद्धालुओं की मौत हो गई, जबकि कई लोग घायल हो गए। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक श्रद्धालुओं का जत्था कार्तिक एकादशी के लिए जठरवाड़ी से मंदिर नगर पंढरपुर जा रहा था, तभी एक कार ने जत्थे में शामिल कई लोगों को कुचल दिया। स्ङ्क कार को 75 साल के बुजुर्ग चला रहे थे। उनका कार से नियंत्रण हट गया, जिसके बाद उन्होंने श्रद्धालुओं पर कार चढ़ा दी। पुलिस ने बताया कि हादसा सोमवार शाम करीब 6.45 बजे मुंबई से करीब 390 किलोमीटर दूर संगोला शहर के पास हुआ। 32 श्रद्धालुओं का जत्था तीन दिन पहले कोल्हापुर से चला था। संगोला के पास एक तेज रफ्तार स्ङ्क ने पीछे से श्रद्धालुओं को कुचल दिया।हादसे की जानकारी मिलने के बाद से पुलिस मौके पर मौजूद है। घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया है। महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने हादसे पर दुख जताया है। उन्होंने मृतकों के परिजनों को 5-5 लाख रुपए की आर्थिक मदद देने का ऐलान किया है।



### एक्सीडेंट का शिकार हुई एक्ट्रेस रंभा की कार

नई दिल्ली, एजेंसी बंधन, जुड़वा और क्रोध जैसी तमाम सुपरहिट फिल्मों का हिस्सा रह चुकीं बॉलीवुड एक्सीडेंट रंभा की गाड़ी का एक्सीडेंट हो गया है। इस दुर्घटना में उनकी गाड़ी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है और उनकी बेटी की हालत गंभीर बताई जा रही है।एक्सीडेंट के वक्त गाड़ी में रंभा के साथ-साथ उनके बच्चे और उनकी नैनी भी सवार थीं। रंभा की बेटी को हॉस्पिटल में एडमिट कराया गया है।

### आजमगढ़ में 4 युवक नदी में डूबे, चंदौली में पुलिया टूटने से 12 लोग नहर में गिरे

आजमगढ़, ईएमएस। यूपी में सोमवार को छठ पूजा के दौरान नदी और तालाब में डूबने से 4 लोगों की मौत हो गई। आजमग? में एक दूसरे पर पानी फेंकने के दौरान चार युवक छोटी सरयू नदी के तेज बहाव में डूब गए। मौजूद लोगों ने तीन लोगों को बचा लिया। जबकि एक बालक सत्यम यादव (15) की डूबने से मौत हो गई।उधर,चंदौली में कर्मनाशा नदी पर बना पुल अचानक टूट गया। हादसे में छठ पूजा देखने आए 12 से अधिक लोग नहर में गिर गए। नहर में पानी कम था इसलिए बड़ा हादसा नहीं हुआ।वहीं कुशीनगर के तुर्कपट्टी थाना क्षेत्र के मानसरोवर तालाब में डूबने से युवक की मौत हो गई। जौनपुर में अर्घ्य का सामान लेकर जा रहे युवक की तालाब में डूबने से मौत हो गई। देवरिया में छठ पर दोस्तों संग तालाब में नहा रहे युवक की डूबने से मौत हो गई। चंदौली के चकिया कोतवाली क्षेत्र के सरैया गांव में लोग छठ पूजा देखने के लिए कर्मनाशा नहर किनारे जा रहे थे।



### मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस

# विकास में सहभागिता के संकल्प का दिन :शिवराज

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश का स्थापना दिवस मंगलवार को पूरे प्रदेश में धूमधाम से मनाया जा रहा है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने प्रदेशवासियों को स्थापना दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह प्रदेश के गौरव, विकास, पर्यावरण और लोक संस्कृति के संरक्षण का उत्सव है। सात दिन पूरे प्रदेश में विभिन्न आयोजन किए जाएंगे। मंगलवार को आधे दिन शासकीय अवकाश रहेगा। राज्य स्तरीय कार्यक्रम भोपाल के लाल परेड मैदान पर शाम सात बजे से होगा। इसमें शिव महिमा पर आधारित नृत्य नाटिका और अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम होंगे।मुख्यमंत्री ने कहा कि मध्य प्रदेश ने विकास के अनेक आयाम को छुआ है। अभियान चला कर रिक्त पदों की पूर्ति की जा रही है। प्रदेश आज स्वरोजगार, वन्य-प्राणी संरक्षण, पर्यटन स्थलों के विकास, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक महत्व के जन आस्था केंद्रों पर सुविधाओं के विस्तार, प्राकृतिक कृषि, स्वास्थ्य और औद्योगिक क्षेत्रों के विकास के क्षेत्र में नित नई उपलब्धियां अर्जित कर रहा है। इन उपलब्धियों पर गर्व के साथ ही नागरिकों में प्रदेश को अग्रणी बनाने का भाव भी मजबूत हुआ है। उन्होंने कहा कि हमारे गांव और शहर स्वच्छता सर्वे में बेहतर प्रदर्शन के लिए जाने जा रहे हैं। स्वसहायता समूहों को आर्थिक समृद्धि दिलाने के प्रयास भी बढ़े हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व और मार्गदर्शन से मध्य प्रदेश में आजादी के अमृत महोत्सव में स्वतंत्रता सेनानियों के स्मरण, जनजातीय गौरव दिवस कार्यक्रम और भूले-बिसरे बलिदानियों को याद करने के काम हुए हैं। अंग्रेजी में पढ़ाए जाने वाले अनेक पाठ्यक्रम अब हिंदी में भी पढ़ाने की शुरूआत हो गई है। बच्चों का कुपोषण समाप्त करने की दिशा में आमजन आंगनवाड़ियां गोद लेकर सहयोग दे रहे हैं।





### दिल्ली की फुटवियर फैक्ट्री में आग, 2 की मौत,20 झुलसे

**नई दिल्लीईएमएस।** दिल्ली के नरेला में मंगलवार सुबह फुटवियर फैक्ट्री में आग लग गई। पुलिस के मुताबिक, हादसे में 2 लोगों की जान गई है। 20 लोगों को इमारत से निकाला गया है। झुलसने की वजह से इन्हें अस्पताल में भर्ती किया गया है। 10 फायर टेंडर आग बुझाने की कोशिश कर रही हैं।




## कॉमर्शियल सिलेंडर के दाम घटे

### घरेलू सिलेंडर की कीमत में कोई बदलाव नहीं



**नई दिल्ली, ईएमएस।** दिवाली के बाद महंगाई से राहत मिलने वाली खबर सामने आई है। देशभर में एलपीजी के कमर्शियल सिलेंडर की कीमतों में कटौती की गई है। फिलहाल, घरेलू सिलेंडर की कीमतों में कोई बदलाव नहीं हुआ है। एक नवंबर से दिल्ली में इंडेन के 19 किलो के कमर्शियल सिलेंडर की कीमत 115.5 रुपए कम हो गई है। वहीं, कोलकाता में 113 रुपए, मुंबई में 115.5 रुपए और चेन्नई में 116.5 रुपए की कटौती की गई है। इससे पहले एक अक्टूबर को भी कमर्शियल सिलेंडर के दाम 25 रुपए घटाए गए थे। हालांकि, 14.2 किलो वाला घरेलू एलपीजी सिलेंडर पुराने दाम पर ही मिलेगा।

## भोपाल में फिर हुआ क्लोरीन गैस का रिसाव !

**भोपाल,यशभारत।** राजधानी भोपाल में एक बार फिर वाटर फिल्टर प्लांट में क्लोरीन गैस का रिसाव हुआ है। बताया जा रहा है कि इस घटना में एक कर्मचारी बेहोश हो गया। और उसे वेंटिलेटर पर शिफ्ट किया गया है। कर्मचारी की हालत नाजुक बताई जा रही है। इससे पहले पांच दिन पहले भी इसी स्थान पर गैस लीक हुई थी।

## पीएम मोदी आज जाएंगे मोरबी

### अमेरिकी राष्ट्रपति ने भी जताया हादसे पर दुख



**नई दिल्ली, एजेंसी।** गुजरात के मोरबी में हुए हादसे का दर्द पूरी दुनिया में महसूस किया जा रहा है। ताजा खबर यह है कि अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन ने भी हादसे पर दुख जताया है। अमेरिकी राष्ट्रपति ने पुल टूटने की घटना पर सोमवार को संवेदना व्यक्त की। राष्ट्रपति ने लिखा, ђइस मुश्किल घड़ी में हम भारतीय लोगों के साथ खड़े रहेंगे और उनका समर्थन करते रहेंगे।ђ इस बीच, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी आज मोरबी जाएंगे। यहां घटनास्थल का जायजा लेंगे और घायलों से मिलेंगे। प्रधानमंत्री के गुजरात दौरे का आज तीसरा दिन है। बता दें, माच्छू नदी पर बना पुल गिरने से अब तक 134 लोगों की मौत हो गई है।

### लड़की समझ कर की शादी

# सुहागरात पर खुल गई पोल

## हकीकत जान दूल्हे के छूटे पसीने



**लक्सर,एजेंसी।** हरिद्वार जिले में एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। एक युवक ने सोशल मीडिया में दोस्ती के बाद लड़की समझकर शादी कर ली। लेकिन, सुहागरात के दिन दूल्हे के होश उड़ गए। मामला पुलिस के पास पहुंच गया है। सोशल मीडिया पर प्यार के बाद शादी करना लक्सर के युवक को भारी पड़ा।

शादी के बाद पता चला कि उसने लड़की समझकर जिससे शादी की है, वह थर्ड जेंडर (किन्नर) है। आरोप है कि शादी तोड़ने के बदले वह युवक से लाखों की रकम मांग रहा है। लक्सर में रायसी चौकी के गांव के युवक का सोशल मीडिया पर एकाउंट है। काफी पहले युवती के नाम वाले एक एकाउंट से उसके पास फ्रेंडशिप का मैसेज आया।

युवक ने मैसेज स्वीकार कर लिया। इसके बाद उनमें फोन पर बातें होने लगी। युवती ने बताया कि वह हरियाणा के हिसार शहर से है। बाद में दोनों के बीच प्यार हुआ और उन्होंने शादी करने का फैसला कर लिया। पूरी तैयारी होने पर युवती लक्सर आ गई और नगर के मंदिर में युवक से शादी कर ली।शादी के बाद युवक पत्नी को गांव में अपने घर ले गया। इसके बाद पता चला कि जिसे वह ब्याह कर लाया है, वो लड़की नहीं थर्ड जेंडर (किन्नर) है। आरोप है कि आरोपी शादी तोड़ने के बदले युवक से पांच लाख रुपये मांग रहा है। कोतवाल यशपाल सिंह बिष्ट का कहना है कि युवक ने मौखिक जानकारी दी है। तहरीर मिलेगी, तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी।

# उत्साह से मनाया जा रहा मध्यप्रदेश स्थापना दिवस

**सुबह स्कूली बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी, शाम को मानस भवन में मुख्य समारोह, सप्ताह भर होंगे आयोजन**







**जबलपुर,यशभारत।** प्रदेश का 67वां स्थापना दिवस एक नवंबर को जिले भर में उत्साह और उमंग से मनाया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुबह शहर में विभिन्न स्थानों से स्कूली बच्चों ने प्रभात फेरी निकाली । प्रभात फेरी का समापन राजा शंकरशाह-कुँवर रघुनाथ शाह चौक पर हुआ । यहां आयोजित कार्यक्रम में मध्यप्रदेश गान हुआ तथा लोकनृत्य प्रस्तुत किये गये । इस अवसर पर मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के अध्यक्ष डॉ जितेंद जामदार, विधायक अशोक रोहाणी, नगर निगम अध्यक्ष रिकुंज विज, कलेक्टर डॉ इलैयाराजा टी, पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ बहुगुणा भी उपस्थित थे । विधायक श्री रोहाणी ने प्रभात फेरी के समापन कार्यक्रम में मौजूद नागरिकों, अधिकारियों-कर्मचारियों को नशा मुक्त समाज बनाने तथा बेटी बचाओ-बेटी पढ़ाओ की शपथ दिलाई । दिवस के अवसर पर जिले में एक से सात नवम्बर तक विभिन्न गतिविधियां आयोजित की जायेंगी। मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर जिले का मुख्य समारोह एक नवम्बर को मानस भवन में शाम 6 बजे से आयोजित किया जायेगा। समारोह में मध्यप्रदेश स्थापना दिवस के प्रदेश के भोपाल में आयोजित मुख्य समारोह से मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के संबोधन का सीधा प्रसारण होगा। इस अवसर पर आकर्षक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी प्रस्तुत किये जायेंगे तथा उत्कृष्ट कार्य करने वाले अधिकारियों-कर्मचारियों को पुरस्कृत किया जाएगा। जिला मुख्यालय स्थित सभी शासकीय एवं ऐतिहासिक भवनों में रोशनी की गई। स्थापना दिवस पर स्कूल एवं कॉलेज के विद्यार्थियों की गायन, वादन, नृत्य, वाद-विवाद आदि प्रतियोगिताएं भी आयोजित की जायेगी। मानस भवन में होने वाले कार्यक्रम में स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों, लोकतंत्र सेनानियों एवं शहीद सैनिकों के परिवारजनों को विशेषतौर पर आमंत्रित किया गया हे।

### नागरिकों से समारोह में शामिल होने की अपील

कलेक्टर डॉ. इलैयाराजा टी ने जिले के सभी नागिरकों को मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर शुभकामनाएं दी हैं। उन्होंने स्थापना दिवस के एक नवंबर को शाम 6 बजे से मानस भवन में आयोजित जिले के मुख्य समारोह में नागरिकों से शामिल होने का आग्रह किया है। कलेक्टर ने सभी अधिकारियों-कर्मचारियों को स्थापना दिवस समारोह में शामिल होने के निर्देश भी दिये हैं।



## केन्ट विधायक अशोक रोहाणी ने छठ पर्व पर पहुँचकर पूजन अर्चन किया

**जबलपुर, यशभारत।** छठ पर्व पर केन्ट विधायक अशोक ईश्वरदास रोहाणी जी ने पूजन अर्चन किया। सूर्य अराधना एवं लोक आस्था के पवित्र पर्व छठ पर्व पर केन्ट विधायक अशोक रोहाणी जी ने केन्ट विधानसभा अंतर्गत अधारताल, कंचनपुर, उदय नगर, खमरिया, मानेगांव, बापूनगर भटोली, महगवां एवं अन्य स्थानों में उपस्थित होकर आस्था एवं श्रृद्धा के इस पर्व पर पूजन अर्चन किया एवं बिहार यू पी नहासंघ के सभी श्रद्धालुओं को शुभकामनाएँ प्रेषित की और माताओं एवं बहनों से आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर रिंकू विज, गुड्डु केवट, दमोदर सोनी, पुष्पराज सिंह सेंगर, बंटी अंकित फ्रांसिस, विभा उपाध्याय, संतोषी ठाकुर, सोना वर्मा, बाबा श्रीवास्तव, निशांत रजक, झारिया, गुल्लू दुबे, अनुराग दाहिया एवं आदि कार्यकर्ता उपस्थित हुये ।

**भविष्य निधि संगठन के स्थापना दिवस पर विविध आयोजन**

## तत्काल लाभ देने समस्त सेवाओं को किया है ऑन लाइनः आयुक्त राकेश सहराव





**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश के जबलपुर में कर्मचारी भविष्य निधि संगठन 1 नवम्बर 2002 को अपना 20वां स्थापना दिवस मना रहा है। आज प्रातः बजे पैदल जागरूकता रैली निकाली गई जो क्षेत्र का भ्रमण करते हुए एसबीआईचौक विजयनगर स्थित कार्यालय में समाप्त हुई। अपरांह तीन बजे से कार्यालय परिसर सांस्कृतिक कार्यक्रम और सम्मान समारोह केंट बोर्ड के अध्यक्ष अभिमन्यू सिंह के मुख्यातिथ्य में आयोजित है। क्षेत्रीय भविष्य निधि आयुक्त राकेश सहरावत ने पत्रकारों से चर्चा में बताया कि विगत 70 वर्षो से निजी एवं सरकारी क्षेत्र के संस्थानों में कार्यरत कर्मचारियों को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किये जाने का उत्तरदायित्व संगतन द्वारा निर्वाधरूप से निभाया जा रहा है. वर्तमान में संगठन द्वारा नियोक्ता एवं भविष्य निधि सदस्यों को सेवाओं का लाभ त्वरित रूप से प्रदान किये जाने के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए अपनी समस्त सेवाओं का ऑनलाइन किया गया । श्री सहरावत ने आगे कहा कि क्षेत्रीय कार्या जबलपुर के प्रशासनिक क्षेत्राधिकार के अंतर्गत महाकौशल क्षेत्र में स्थित 16 जिले जिनमें जबलपुर कटनी, नरसिंहपुर, शहडोल, मण्डाला, उमरिया, अनूपपुर, रीवा, सतना, सिंगरौली, सिवनी, पन्ना, छिंदवाड़ा तथा सीधी शामिल है. क्षेत्रीय कार्यालयए जबलपुर में कुल 18914 स्थापनाएँ और 850241 मेम्बर है. तथा कुल 83024 पेंशनर है पेशनरों के बैंक खातों में प्रत्येक माह की 01 तारीख को पेंशन राशि जमा होना कार्यालय द्वारा सुनिश्चित किया जाता है. क्षेत्रीय कार्यालय, जबलपुर के अधीन जिला कार्यालय सतना एवं छिंदवाड़ा भी स्थापित जिन पर सदस्यों को निकटम दूरी पर सामाजिक सुरक्षा संबंधी सेवाएं प्रदान करने का उत्तरदायित्व है. उन्होने यह भी बताया डिजिटल इण्डिया के तहत भविष्य निधि कार्यालय जबलपुर द्वारा नियोक्तओं एवं भविष्य निधि सदस्यों के लाभार्थ कई ऑनलाइन सुविधाएं प्रदान की गई है. जिसमें नियोक्ता द्वारा संस्थान में कार्यरत कर्मचारियों का मासिक भविष्य निधि अंशदान ईसीआर के माध्यम से ऑनलाइन जमा करना. भविष्य निधि सदस्यों के आधार एवं बैंक केवायसी को ऑनलाइन यूएएन से लिंक किए जाने की व्यवस्था ऑनलाइन डिजिटल लाइफ सर्टिफिकेट मोबाईल एप, उमंग एप एवं बायोमेट्रिक माध्यमों से जमा किया जाना जैसी महत्वपूर्ण पहल की गयी है. इसके अतिरिक्त भविष्य निधि सदस्य उमंग एप के माध्यम से भी ऑनलाइन सेवाओ का लाभ प्राप्त कर सकते हैं।

## पंजाबी महासंघ का भव्य दीपावली मिलन समारोह संपन्न



**जबलपुर ,यशभारत।** प्रत्येक वर्ष अनुसार इस वर्ष भी विगत दिवस पंजाबी महासंघ जबलपुर का दीपावली मिलन समारोह भव्य रुप में साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी के सानिध्य में स्थानीय नागपाल गार्डन मदन महल जबलपुर में संपन्न हुआ । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद राकेश सिंह ,अजय विश्नोई (पूर्व मंत्री),अशोक रोहाणी विधायक केंट,रिंकू विज (नगर निगम अध्यक्ष) एवं इंद्रमोहन भाटिया अध्यक्ष पंजाबी महासंघ ने द्वीप प्रज्वलित कर विधिवत शुभारंभ किया ।पंजाबी हिंदू समाज के विशाल जनसमुदाय को संबोधित करते हुए साध्वी ज्ञानेश्वरी दीदी ने पंजाबी महासंघ जबलपुर द्वारा किए जा रहे हैं सेवा कार्यों की सराहना की एवं वैदिक रीति नीति एवं गुरुकुल परंपरा का शिक्षण संस्थान प्रारंभ करने हेतु प्रेरित किया। सांसद राकेश सिंह ने अपने उद्बोधन में पंजाबी समाज को संबोधित करते हुए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया एवं खेतों से लेकर बॉर्डर तक व व्यापार से लेकर समाज सेवा के लिए किये जाने वाले उच्च कार्यो को गिनवाते हुए पंजाबी समाज की महत्ता बताई । विधायक अजय विश्नोई जी ने पंजाबी समाज को समाज का एक मजबूत स्तंभ एवं विधायक अशोक रोहाणी जी स्वयं को पंजाबी महासंघ जबलपुर परिवार का अंग बताया । कार्यक्रम में उपस्थित सभी अतिथियों ने संस्था के सदस्य नितिन भाटिया का राष्ट्रीय पंजाबी महासंघ यूथ विंग के अध्यक्ष बनने पर शाल श्रीफल व मोमेंटो देकर स्वागत किया व अंकित ग्रोवर को पंजाबी महासंघ जबलपुर के यूथ अध्यक्ष के रूप में शपथ ग्रहण कराई। प्रतिभा सम्मान कि इसी श्रंखला में अपर आयुक्त नगर निगम श्रीमती शिवांगी महाजन जी, एस.ई. एमपीईबी संजय अरोरा एवं वर्तमान में इटली में चल रही है अंतरराष्ट्रीय बॉडी बिल्डिंग प्रतियोगिता में सिल्वर एवं ब्रांच 2 पदक जीतने वाले समाज गौरव राहुल सरीन के पिताजी देवेंद्र सरीन को भी सम्मानित किया गया। संस्था सचिव राजेश भाटिया ने बताया कि कार्यक्रम में पंजाबी हिंदू समाज के लगभग 500 से अधिक परिवारों ने एक साथ मिलकर आपसी भाईचारे एवं सामाजिक एकता की भावना से ओतप्रोत हो सांस्कृतिक कार्यक्रमों में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया । कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण जहां एक और पंजाबी नृत्य भांगड़ा,गिद्दा, बोलियां, टप्पे थे वहीं दूसरी ओर पंजाबी भोजन ने भी सभी अतिथियों का मन हर लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के प्रभारी अरविंद नैय्यर व संयोजक राकेश महाजन ने संरचना तैयार की व कौशल सूरी एवं शिवानी महाजन (नेशनल मॉडल )ने मंच संचालन व अमन शर्मा ने समाज के बच्चों को पंजाबियों की सांस्कृतिक धरोहर पर क्विज खेल खिलाकर कार्यक्रम को चार चांद लगाए। समाज के संरक्षक श्री निर्मल राज भाटिया जी, श्री अशोक वाधवा, राजेश चंडोक, क्रांति अरोड़ा,अजीत मिनोचा , विनोद वाधवा, जोगेश भाटिया,अतुल अरोरा, किरण मल्होत्रा,संजीव विज, कुलदीपक कोहली, दीपक लाला, पुनीत गुलाटी, संजय चड्डा,धीरज सभरवाल, पवन डसवाल , वरुण नैय्यार, सुनील वर्मा, दीपक चंडोक, बॉबी वर्मा, सनी बत्रा, करुणेश अरोरा देवनाथ अरोरा , करन टंडन, रवीश अरोरा , योगेश साहनी, चिराग भल्ला एवं यूथ विंग के अनेकों सदस्यों ने कार्यक्रम को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई ।

### पीयूष वर्मा राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एसो के राष्ट्रीय प्रवक्ता



**जबलपुर, यशभारत।** महेश पटेल राष्ट्रीय अध्यक्ष, मानवाधिकार संगठन (एसो.) नई दिल्ली ने जबलपुर निवासी को पीयूष वर्मा को राष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन एसो का राष्ट्रीय प्रवक्ता पर मनोनीत किया गया।

### शंकराचार्य की आगवानी की तैयारीः व्यापारी संघों की बैठक

**जबलपुर,यशभारत।** 6 नवंबर दिन रविवार को नवनियुक्त शंकराचार्य स्वामी सदानंद जी सरस्वती एवं स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी के आगमन की तैयारी को लेकर जबलपुर के व्यापारी संघों ने बगलामुखी पीठ में ब्रह्मचारी स्वामी चैतन्यानंद जी के सानिध्य में बैठक हुई जिसमें भाजपा एवं कांग्रेस पार्टी के व्यापारी प्रकोष्ठ, महाकौशल चेंबर ऑफ कॉमर्स, सुपर मार्केट व्यापारी संघ; सर्राफा व्यापारी संघ के प्रतिनिधि सहित शहर के अनेक व्यापारी सम्मिलित हुए समस्त व्यापारी जनों ने अगवानी की तैयारी को लेकर चर्चा की एवं अपना पूर्ण सहयोग देने की बात कही।

## संभागीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता में जबलपुर विजेता



**जबलपुर,यशभारत।** मध्यप्रदेश शासन उच्च शिक्षा विभाग के खेल कैलेंडर के अनुसार रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय में आयोजित संभागीय महिला कबड्डी प्रतियोगिता मे जबलपुर से मंडला को आसानी से हराकर विजेता होने का गौरव हासिल किया । इससे पहले खेले गए सेमीफाइनल मैच में मंडला ने नरसिंहपुर को 12 अंकों से हराकर जबलपुर में डिंडोरी को एकतरफा मुकाबले में हराकर फाइनल में प्रवेश किया था पुरस्कार वितरण एवं समापन समारोह के मुख्य अतिथि रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय के छात्र संघ अधिष्ठाता विवेक मिश्र जी द्वारा दोनों ही टीमों को पुरस्कृत किया गया इस अवसर पर शारीरिक शिक्षा विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ विशाल बनने डॉ शक्ति सिंह मंडलोई चाको मैडम गुलबहार खान मंचासीन थे जिनका पुष्पा रो से स्वागत किया गया द्य प्रतियोगिता के दौरान मोहिनी बाऊ कर सुदर्शन ठाकुर मनीष मिश्रा, विजेंद्र यादव, की उपस्थिति सराहनीय रही द्य मैचों में निर्णायक की भूमिका सोनू यादव उपाध्यक्ष मध्य प्रदेश कबड्डी सीजन मनजीत सामान लाल यादव जितेंद्र सिंह दिनेश तिवारी पुष्पा रघुवंशी नितिका बोरासी आदि ने बखूबी निभाया रानी दुर्गावती विश्वविद्यालय की चयनित टीम इस प्रकार है श्वेता उपाध्याय सृष्टि सिंह अंजना ठाकुर सोनम केवट रूबी केवट शिवानी रजक खुशबू राय सिमरन अग्रवाल पलक पीले ज्योति कुमारी सभी यूटीडी सुमन मरावी अंजलि मंडला।

## विद्यार्थियों के लिए एलएमएस प्रशिक्षण रोजगार एवं स्वरोजगार में बहुउपयोगी होगा सिद्ध



**जबलपुर, यशभारत।** स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग, जबलपुर के अंतर्गत आर.सी.वी.पी. नरोन्हा प्रशासन एवं प्रबंधकीय अकादमी मध्य प्रदेश भोपाल द्वारा आत्मनिर्भर मध्यप्रदेश के अंतर्गत (स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना उच्च शिक्षा विभाग,म.प्र.) अल्पावधि रोजगार एवं स्वरोजगारोन्मुखी (एल.एम.एस.) प्रशिक्षण के माड्यूल स्वयं एवं विद्यार्थियो से पूर्ण कराये जाने हेतु शासकीय महाकोशल कला एवं वाणिज्य स्वशासी महाविद्यालय, जबलपुर के मेंटरों की बैठक आयोजित की गई। प्रो. अरुण शुक्ल, संभागीय नोडल अधिकारी, स्वामी विवेकानंद कॅरियर मार्गदर्शन योजना, जबलपुर संभाग ने बैठक को संबोधित करते हुये कहा कि एल.एम.एस. प्रशिक्षण विश्वस्तरीय कार्यक्रम है यह प्रशिक्षण विद्यार्थी के कॅरियर को डिजाइन करने में सहायक सिद्ध होगा। बैठक में प्रशिक्षण संबंधी तकनीकी समस्याओं का समाधान किया गया। प्रो. शुक्ल ने मेंटरों से कहा कि विद्यार्थियों को महाविद्यालय में बुला कर प्रशिक्षण संबंधी दिशा निर्देश प्रदान करें। विद्यार्थियों के प्रशिक्षण के माडयूल कम्प्लीट कराने हेतु महाविद्यालय में कम्प्यूटर की व्यवस्था करें। प्रो. अरुण शुक्ल ने बताया कि महाविद्यालय के मेंटर डॉ. मुनीश नेगी द्वारा आवंटित सभी विद्यार्थियों के चारों माडयूल कम्प्लीट करवा लिये गये है। जिस पर माननीय उच्च शिक्षामंत्री जी द्वारा उनके उत्कुष्ट कार्य हेतु डॉ. मुनीश नेगी को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। प्रो. शुक्ल ने कहाकि सभी मेंटर अपने विद्यार्थियों का दिनांक 15/11/2022 तक प्रशिक्षण के चारों माडयूल कम्प्लीट करवा दें साथ ही महाविद्यालय के शिक्षक भी दिनांक 15/11/2022 तक प्रशिक्षण के तीनों माडयूल कम्प्लीट कर लें। बैठक में महाविद्यालय के 21 मेंटर उपस्थित रहे।

























स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक आशीष शुक्ला द्वारा जनपक्ष प्रिंटिंग एवं पब्लिशिंग, गोपालबाग जबलपुर-2 से मुद्रित एवं 160/जी, जेडीए योजना क्रमांक 11 सेकेण्ड फेस, शताब्दीपुरम, विवेकानंद वार्ड, जबलपुर से प्रकाशित। सम्पादक श्याम कटारे*। फोन (0761) 2643333, 2646666, फैक्स : 4084085
डाक पंजीयन क्रं. एसएसपी/ जबलपुर/26/2022-24 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी.एक्ट के तहत जिम्मेदार। RNI No. MPHIN/2007/18675. email - jabalpur@yashbharat.com ( न्यायालयीन क्षेत्राधिकार जबलपुर )

# भूकंप से थर्राया जबलपुर: अरे भईया... हिल गया था... पूरा घर... बाहर भागे



जबलपुर, यशभारत। मंगलवार की सुबह-सुबह भूकंप के झटके महसूस किए गए। कुछ देर के लिए समूचे जबलपुर में दहशत मच गई। लोग घरों से बाहर निकल आए तो वहीं स्कूली बच्चों को भी कमरों से बाहर किया गया। भूकंप के झटके सबसे पनागर-पाटन में महसूस किए गए हैं। पनागर की 69 वर्षीय वृद्धा ममता गौतम ने बताया कि भईया... पूरा शरीर हिल गया था... घर के दरवाजे में खुल गए थे.... घबराहट हुई थी घर के बाहर निकलकर आंगन में बैठ गए। मेडिकल अस्पताल मरीज को लेकर पहुंचे अमरदीप का कहना था कि फर्स्ट फ्लोर में भूकंप की कंपन सबसे ज्यादा महसूस की गई। एक पल के लिए लग पूरी बिल्डिंग हिल रही हो। बताया जा रहा है कि भूकंप के झटके सबसे ज्यादा पनागर-पाटन और रानी दुर्गावती समाधि स्थल के आस-पास महसूस किए गए। इसके अलावा रांझी में भी कुछ जगह पर हलचल हुई। पनागर में रहने वाले नितिन गौतम ने बताया कि वह सो रहे थे, तभी अचानक ऐसा महसूस हुआ, जैसे बेड हिला हो। मैं उठकर बाहर आया तो देखा बहुत से लोग घरों के बाहर निकल आए हैं। भूकंप करीब 8.44 बजे आया था। भूकंप का केंद्र बिंदु जबलपुर से करीब 30 किलोमीटर दूर डिंडौरी जिले की ओर था।



## पहले भी आ चुका भूकंप

आपको बता दें कि, ये कोई पहला मामला नहीं है जब शहर में भूकंप के झटके मेहसूस किये गए हों। करीब 25 साल पहले ज़बरदस्त भूकंप से दहलने वाले जबलपुर में इससे पहले 20 जून 2022 की आधी रात को भी भूकंप के झटके मेहसूस किये जा चुके हैं। भूकंप आधी रात को आया था। हालांकि, उस दौरान संस्कारधानी में लगभग सभी लोग सो रहे थे, जिसके चलते अधिकतर लोगों को भूकंप का अहसास नहीं हुआ था। उस दौरान भूकंप का केंद्र जबलपुर के 10 किमी अंदर था, जिसका रिक्टर स्केल 3.4 मैग्नीट्यूड था। ऐसे में लोगों को भूकंप के झटकों का अहसास नहीं हो सका था। जानकारों के मुताबिक, अचानक सिस्मोग्राफ में हलचल रिकॉर्ड की गई जिसका केंद्र जबलपुर बताया जा रहा है। भूकंप का केंद्र 10 किलोमीटर गहराई में था। खास बात ये है कि, भूमि में आंतरिक हलचल का असर 80.36 किलोमीटर के क्षेत्रफल तक हुआ है। विशेषज्ञों का मानना है आम तौर पर मानसून के दौरान इस तरह के मामले सामने आते हैं। इस सीजन में नर्मदा और ताप्ती बेसिन के बीच गैस सेटलमेंट होता है जिससे इस प्रकार की हलचल बढ़ जाती है।

## कितनी तबाही लाता है भूकंप?

| रिक्टर स्केल | असर |
|---|---|
| 0-1.9 | सिर्फ सीज्मोग्राफ से पता चलेगा। |
| 2-2.9 | हल्के झटके आएंगे। |
| 3-3.9 | कोई ट्रक नजदीक से गुजर जाए, ऐसा असर। |
| 4-4.9 | खिड़कियां टूट सकती हैं। दीवारों पर टंगी फ्रेम गिर सकती हैं। |
| 5-5.9 | फर्नीचर हिल सकता है। मकानों में दरारें आ सकती हैं। |
| 6-6.9 | कच्चे घर गिर सकते हैं। इमारतों की नींव दरक सकती है। ऊपरी मंजिलों को नुकसान। |
| 7-7.9 | इमारतें-मकान गिर जाते हैं। काफी नुकसान। जैसा भुज में 2001 में और नेपाल में 2015 में हुआ था। |
| 8-8.9 | इमारतों समेत बड़े पुल भी गिर जाते हैं। सुनामी का खतरा। |
| 9 और उससे ज्यादा | सबसे ज्यादा तबाही। कोई मैदान में खड़ा हो तो उसे धरती लहराते हुए दिखेगी। बड़ी सुनामी। जैसी जापान में 2011 में 9.1 भूकंप के बाद आई थी। |

### जब भूकंप आया, स्कूल लग चुके थे

जिस वक्त भूकंप आया, उस दौरान स्कूल लग चुके थे। झटके महसूस होते ही स्कूल मैनेजमेंट ने तुरंत बच्चों को बाहर निकाला और खुले मैदान में ले गए। रांझी स्थित सेंट गेब्रियल स्कूल मैनेजमेंट ने तो तत्काल सभी बच्चों को क्लास से बाहर निकालकर ग्राउंड पर लेकर जाने के निर्देश दिए। टीचरों ने तत्काल सभी को मैदान पर पहुंचाया। मेडिकल एरिया की रहने वाली रुक्मणी देवी ने कहा- धरती हिली तो मैं घबरा गई। बहुत जोर से धरती थर-थर कांप रही थी। जबलपुर कलेक्टर डॉक्टर इलैयाराजा टी ने कहा कि जबलपुर में 4.5 तीव्रता का भूकंप जरूर आया था, लेकिन किसी भी तरह की जनहानि नहीं हुई है।



### 22 मई 1997 की वो खौफनाक तारीख

24 साल पहले आज ही के दिन मध्य प्रदेश की संस्कार धानी जबलपुर एक भयानक प्राकृतिक हादसे का शिकार हुआ था। 22 मई, 1997 को जबलपुर में आए भूकंप ने पूरे इलाके में तबाही मचा दी थी। 41 लोगों की जानें गई थीं और लाखों की आबादी प्रभावित हुई थी। भूकंप के लिहाज से संवेदनशील माने जाने वाले जबलपुर में उसके बाद भी दो-तीन झटके आ चुके हैं, लेकिन लोग आज भी 1997 की उस सुबह को याद कर सिहर उठते हैं।

### सोशल मीडिया में लोग हुए सक्रिय

मंगलवार की सुबह धरती कांपने के बाद थोड़ी देर बाद सोशल मीडिया पर भी लोगों ने भूकंप के झटके लगने की सूचना का आदान-प्रदान शुरू कर दिया। लोग यह समझने में लगे रहे कि यह सचमुच में भूकंप का झटका था या उन्हें कुछ भ्रांति हुई। उल्लेखनीय है कि जबलपुर भूकंप के संवेदनशील जोन के तहत आता है। यहां पर लगातार भूकंप के झटके लगते रहे हैं।

## इश्क का जुनून: 25 वर्षीय युवती को अधेड़ से हुआ प्यार

### परिजनों की इंकार के बाद घर से गायब हुई, पुलिस ने खोजा



**जबलपुर, यशभारत।** हनुमानताल के रजा चौक में इश्क के जुनून का एक अजीबो-गरीब मामला सामने आया है। यहां, एक 25 वर्षीय युवती को 45 वर्षीय अधेड़ से प्यार हो गया। जिसके बाद दोनों ने शादी करने का वायदा किया। लेकिन युवती के परिजनों को इस शादी से परहेज है। जिसके बाद युवती अपने प्रेमी के साथ गायब हो गयी। परिजनों की शिकायत के बाद पुलिस ने युवती को खोज लिया है। लेकिन अभी भी युवती अपनी बात पर अड़ी हुई है। हनुमानताल थाना प्रभारी उमेश गोल्हानी ने बताया कि परिजनों की शिकायत पर पुलिस ने सरगर्मी से तलाश कर, घर से गायब हुई युवती को खोज लिया है। जिसके बाद ज्ञात हुआ कि मामला प्रेम प्रसंग से जुड़ा हुआ है। युवती अपने प्रेमी के साथ विवाह रचाना चाहती है और उससे किसी भी प्रकार की जोर-जबरदस्ती नहीं की जा सकती। लेकिन परिजन इस शादी को सिर से नकार रहे है। उनका कहना है कि उनकी बेटी झूठे प्यार में फंसकर अपनी जिंदगी तबाह कर रही है। पुलिस मामले में सुलझ की कोशिश कर रही है।

शहपुरा में भीषण सड़क हादसा

## आयशर में फंसे वाहन चालक की मौत

### राहगीरों ने स्टेरिंग काटकर निकाला शव

**जबलपुर, यशभारत।** शहपुरा के रेलवे ब्रिज रोड में हुए भीषण सड़क हादसे में आयशर चालक की दर्दनाक मौत हो गयी। राहीगरों ने क्षतिग्रस्त आयशर वाहन के अंदर बुरी तरह फंसे लहूलुहान शव को बमुश्किल, स्टेरिंग काटकर निकाला। प्रारंभिक जांच में पता चला कि आयशर और अज्ञात वाहन की सीधी भिडंत के बाद युवक की मौत हो गयी तो वहीं अज्ञात वाहन मौके से फरार हो गया। पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है। जानकारी अनुसार पुलिस को मनोज रैकवार 37 वर्ष निवासी शहपुरा ने बताया कि वह ड्रायवरी करता है। उसने देखा कि ग्राम पोड़ी रोड रेल्वे ब्रिज शहपुरा में आईसर कम्पनी का ट्रक क्रमांक एमपी 13 जीबी 4102 दुर्घटनाग्रस्त खड़ा था और चालक बुरी तरह फंसा था। जिसे राहगीरों की मदद से से निकाला गया। ड्रायविंग लायसेंस से मृतक का नाम महेश यादव 49 वर्ष निवासी भवानी नगर सांवेर रोड इंदौर पता चला है।

## परिजन गए मढ़ई देखने युवक फांसी पर झूला, दूसरे की जहर खाने से मौत



**जबलपुर, यश भारत।** भेड़ाघाट थाना क्षेत्र के अंतर्गत दो ही अलग-अलग घटनाओं मे एक 45 वर्षीय अधेड़ ने फांसी लगाकर खुदकुशी कर ली वही दूसरे वर्क ने लंबी बीमारी के चलते किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने मर्ग कायम कर घटना की पड़ताल शुरू कर दी है। इस संबंध में पुलिस ने जानकारी देते हुए बताया कि धरमपुरा ग्राम का रहने वाला 45 वर्षीय गिज्जू बर्मन पिता गणेश भवन काफी दिनों से टीवी की बीमारी से परेशान था इस बीच उसने अनेकों जो है उपचार कराया किंतु आराम नहीं लगा बीती रात जब उसके परिजन गांव में मढई मेला देखने के लिए गए हुए थे इसी दौरान कमरे के पंखे में फांसी का फंदा बनाया और उससे झूलकर अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली परिजन जब घर पहुंचे तो अधेड़ को फांसी पर लटका हुआ देखकर वह अवाक रह गए घटना की सूचना पुलिस को दी गई सूचना के आधार पर मौके पर पहुंची पुलिस ने प्रारंभिक कार्रवाई के उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए घटना की पड़ताल शुरू कर दी है वहीं दूसरी घटना में पुलिस ने जानकारी बताया कि सिल्वर ग्राम का रहने वाला 33 वर्षीय उमाशंकर कोल पिता चमरू कोल ने अज्ञात कारणों के चलते किसी जहरीली वस्तु का सेवन कर लिया जिससे उसकी मौत हो गई पुलिस ने पंचनामा कार्रवाई के उपरांत पोस्टमार्टम के लिए रवाना करते हुए मर्ग कायम कर जांच में लिया है।

पाटन बायपास में दर्दनाक दुर्घटना

## अधेड़ को लोडिड वाहन ने मारी टक्कर, मौत




**जबलपुर, यशभारत।** माढ़ोताल थाना अंतर्गत भीषण सड़क दुर्घटना में एक अधेड़ की दर्दनाक मौत हो गयी। अधेड़ पाटन बायपास से अपनी बाइक में अपने घर जा रहा था, तभी अज्ञात लोडिड वाहन ने युवक को कुचलकर मौत के घाट उतार दिया। राहगीरों ने पुलिस को मामले की सूचना दी। जिसके बाद मौके पर पहुंची पुलिस ने मर्ग कायम कर, मामला जांच में लिया है। पुलिस ने मामले की जानकारी देते हुए बताया कि बेनीखेड़ा निवासी हरि यादव 45 वर्ष अपनी बाइक से घर लौट रहा था। तभी बेकाबू लोडिड वाहने ने युवक की बाइक में सामने से टक्कर मार दी। हादसे के दौरान युवक बाइक समेत रोड से दस फिट दूर जा उछला। सिर में गभीर चोट आने के कारण अधेड़ ने मौके पर ही दम तोड़ दिया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर, आरोपी अज्ञात वाहन चालक को सरगर्मी से तलाश करने में जुटी है।

## विश्व स्पाईन दिवस आयोजित



**जबलपुर,यशभारत।** अधारताल क्षेत्र में सेराजेम संस्था द्वारा विश्व स्पाईन दिवस समारोह मुख्य अतिथि नमः शिवाय अरजरिया (ए.डी.एम.) एवं वरिष्ठ समाज सेवी डॉ. ब्रजेन्द्र पाण्डेय की अध्यक्षता में मनाया गया। ए.डी.एम. ने उद्बोधन में कहा कि अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर जो स्पाईन दिवस मनाया जा रहा है इसे प्रत्येक व्यक्ति को समझना चाहिए और अपने स्वास्थ्य का ध्यान रखना चाहिए। संस्था के संचालक संदीप बट्टी ने रीढ़ की हड्डी के विषय में बतलाया कि प्रत्येक व्यक्ति को रीढ़ की हड्डी सुरक्षित रखना चाहिए, जिससे वह स्वस्थ्य रह सके। विशेष उपस्थिति में श्रीमती ललितेश पांडे कार्यक्रम में सेन्टर के स्टाफ एवं आभार प्रदर्शन श्री प्रदीप कुमार ने व्यक्त किया।

## एलटीसी का शताब्दी समारोह कल से

**जबलपुर, यशभारत।** सिविल लाइन पुराना आर टी ओ स्थित लियोनार्ड थियोलोजिकल कॉलेज का शताब्दी समारोह 2 नवंबर से आयोजित किया जा रहा है। इस समारोह के मुख्य अतिथि डॉ. एम. ए. डेनियल होंगे। कॉलेज के प्राचार्य डॉ नवीन राव ने बताया की इस मौके पर देश भर से विशेष अतिथि व पूर्व छात्र आएंगे । शताब्दी समारोह 2 नवंबर 2022 से 4 नवंबर 2022 तक कॉलेज कैम्पस में आयोजित किया जाएगा। जिसमें कई कार्यक्रमों का आयोजन होगा। 2 नवंबर को दिन में 3 बजे से कॉलेज के गाँधी भवन में प्रदर्शनी आयोजित होगी। जिसमें 100 वर्ष का गौरवशाली इतिहास बताया जाएगा ।

## ज्वेलर्स की दुकान पहुंचा साधु के वेश में डकैत

### कारामात दिखाकर निगल ली सवा लाख रुपये की अंगूठी



**जबलपुर, यशभारत।** अधारताल में सराफ ा कारोबारी की दुकान पहुंचे साधू वेशधारी युवक ने करामात दिखाते हुए सवा लाख रुपये कीमती सोने की अंगूठी निगल ली। अंगूठी में नीलम जड़ा हुआ था। अंगूठी निगलने के बाद साधू वेश में पहुंचे युवक ने शो रूम संचालक को अनिष्ट की धमकी दी और भाग निकला। घटना के बाद शो रूम संचालक ने अधारताल थाने में मामले की शिकायत दर्ज कराई है। पुलिस ने सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपित की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के मुताबिक राजीव भल्ला की भल्ला ज्वेलर्स के नाम से अधारताल में सोने-चांदी का शो रूम है। रोजाना की तरह सुबह वह अपने शो रुम पहुंचे। जब वह अपने शो रुम में सोने-चांदी के आभूषण जमा रहे थे, तभी एक साधू के वेश में युवक पहुंचा। वह गेरुआ रंग के साधु संत जैसे वस्त्र पहने था। सिर पर भी लाल रंग का गमछा बांधे था एवं एक सफेद गमछा ओढ़े हुए था। वह दुकान के बाहर बैठ गया। राजीव ने उसे चाय के लिए रुपये दिए। उसने रुपये लेने से मना कर दिया। बोला कि आप ही चाय मंगवा दो। राजीव भल्ला ने उसके लिए चाय मंगवाई। चाय पीने के बाद वह उनके शो रुम के अंदर आ गया और राजीव से पीने के लिए पानी मांगा। इसके बाद उसने लक्ष्मी जी दिखाने के लिए बोला। इसी बीच साधू के वेश में पहुंचे युवक ने राजीव के हाथ की उंगली में सोने की नीलम जड़ित अंगूठी देखी। उसने बातों में फंसाया और राजीव से उनकी अंगूठी उतरवा ली। राजीव ने अंगूठी उसे दी। उसने कुछ मंत्र पढने् का नाटक किया। इसके बाद अंगूठी को अपने गले में पहनी हनुमानजी के लाकेट से छुलाया। राजीव कुछ समझ पाते इसके पहले ही उसने अंगूठी अपने मुंह में रखी और निगल ली। अंगूठी निगलने के बाद उसने राजीव को अनिष्ट होने की बात बोलकर डराया और शो रुम से चला गया।

REQUIRED
DAYAL PUBLIC SCHOOL
Panagar road, Belkhadu. REQUIRED Qualified, trained & experienced Teachers with fluency in English for class 5-10th Interested candidates may send their detailed CV on the following
Numbers:- 9827724799, 8889361666.
salary as per efficiency and experience.
(Pick up and Drop available from chungi naka)



## संपादकीय

# मुनाफे का लालच दुर्घटना का कारक

गुजरात के मोरबी में सैकड़ों लोगों के साथ पुल नदी में गिर पड़ा। मौत का आँकड़ा अब तक 134 पर पहुँच चुका है। सरकारी संख्या तो बहुत कम होगी, लेकिन इससे क्या फर्क़ पड़ता है! जिनके घर उजड़े हैं वे तो जानते ही हैं। लापरवाही और सरकारी गलती का इससे बड़ा कोई उदाहरण हो नहीं सकता। दरअसल, सरकारों की आदत होती है गलती करना और फिर उस गलती को छिपाने के लिए झूठ पर झूठ बोलना। ग़लतियों पर ग़लतियाँ करते जाना। पहले बिना परीक्षण पुल को लोगों के लिए खोल दिया गया। फिर सौ लोगों की मर्यादा यानी लिमिट के बावजूद पुल पर पाँच सौ लोगों को भेज दिया। क्योंकि कंपनी को टिकट के पैसे मिल रहे थे। जब टूट गया तब मौतों की संख्या कम बताना। जब दबाव बना। केंद्र सरकार का। होने वाले चुनाव का। तो एफआईआर और गिरफ़्तारी का सिलसिला शुरू कर दिया।ठीक है दोषियों के खिलाफ कार्रवाई होनी चाहिए। गिरफ़्तारी भी होनी चाहिए। लेकिन गिरफ़्तार किन्हें किया? जिन नौ लोगों को गिरफ्तार किया उनमें दो मैनेजर, रिपेयरिंग का काम करने वाले दो मज़दूर, तीन सिक्योरिटी गार्ड और दो टिकट क्लर्क शामिल हैं। इस झूला पुल की मरम्मत व रखरखाव का ठेका लेने वाले मोरबी के औद्योगिक घराने ओरेवा ग्रुप की जवाबदेही तो तय होनी ही चाहिए, लेकिन उन अधिकारियों के खिलाफ भी कार्रवाई होनी चाहिए, जिन्होंने बिना फिटनेस सर्टिफिकेट दिये लोगों के लिये पुल को खोल दिया। मीडिया रिपोर्टों में दावा किया जा रहा है कि पुल को निर्धारित समय से पहले सार्वजनिक उपयोग के लिये खोला गया। कहा जा रहा है कि ऐसा दिवाली की छुट्टियों व गुजराती नववर्ष के चलते किया गया। कहा जा रहा है कि एक चर्चित घड़ी निर्माण करने वाली जिस कंपनी के साथ मोरबी नगरपालिका ने अनुबंध किया था, उस अनुबंध में व्यावसायिक उपयोग की तो विस्तृत चर्चा रही, लेकिन सुरक्षा उपायों को लेकर गंभीर पहल होती नजर नहीं आयी। जबकि झूला पुल के रखरखाव के साथ ही सुरक्षा, सफाई आदि की जिम्मेदारी भी कंपनी की ही बनती थी। पुल को मार्च में नवीनीकरण हेतु आठ से बारह महीने के लिये बंद कर दिया गया था। अब कहा जा रहा है कि मरम्मत के बाद पुल को निर्धारित अवधि से पहले लोगों के उपयोग के लिये खोल दिया गया। पहली नजर में हादसे में लापरवाही नजर आती है। दुनिया में जहां इस तरह के झूला पुलों का निर्माण किया गया है, वहां एक सीमित संख्या में लोगों को पुल से गुजरने की अनुमति होती है। हादसे के वक्त चार सौ के करीब लोगों की मौजूदगी की बात कही जा रही है। अब यह जांच का विषय है कि पुल की मरम्मत में गुणवत्ता में कमी थी या मरम्मत के बाद पुल ज्यादा लोगों के बोझ को सहन नहीं कर पाया। भविष्य में ऐसे हादसों की पुनरावृत्ति न हो, उसके लिये दुर्घटना के कारणों की तह तक जाने की सख्त जरूरत है। उल्लेखनीय है कि एक सदी पहले मोरबी में बने पुल को इंजीनियरिंग का चमत्कार बताया जाता था। दरअसल, आधुनिक यूरोपीय तकनीक के इस्तेमाल से बना पुल लोहे की जंजीरों से बने केबल तारों पर आधारित था और हवा के प्रवाह के साथ झूलता नजर आता था। तभी ऐसे पुलों को झूला पुल भी कहा जाता है। बहरहाल, जैसा कि हर हादसे के बाद होता है, बचाव कार्य में तेजी और मुआवजे की घोषणा की बात कही जा रही है। इस बाबत पांच सदस्यीय जांच समिति भी बना दी गई है। जरूरत इस बात की है कि हादसे का सच सामने आये। साथ ही दोषियों को सख्त सजा मिले ताकि यह दंड एक नजीर बने और फिर कोई आपराधिक लापरवाही करने की हिमाकत न कर सके। मीडिया रिपोर्ट में बताया जा रहा है कि मरम्मत का ठेका लेने वाली कंपनी के साथ मोरबी नगरपालिका के साथ हुए अनुबंध में झूला पुल पर एक समय में बीस से पच्चीस लोगों के ही जाने की बात तय हुई थी। तो फिर पुल पर सैकड़ों की संख्या में लोगों की उपस्थिति की अनुमति क्यों दी गई? सवाल यह भी है कि पुल को खोलने से पहले क्या उसकी भार वहन क्षमता की जांच की गई थी? तो क्या मुनाफे का लालच दुर्घटना का कारक रहा है? इन सभी सवालों के जवाब जांच के बाद ही सामने आएंगे, लेकिन माच्छू नदी पर हुए इस पुल हादसे की पुनरावृत्ति रोकने के लिये देश भर में सजगता-सतर्कता की जरूरत है। सिर्फ नौ लोगों को गिरफ्तार करके उनके खिलाफ गैर इरादतन हत्या का मामला दर्ज करने से हादसे की भरपाई नहीं होगी। अभी कई सवालों के जवाब बाकी हैं।

## मध्यप्रदेश स्थापना दिवस पर विशेष

# मध्यप्रदेश:भारत का सांस्कृतिक तिलक

**मध्यप्रदेश वस्तूत : केवल भौगोलिक ह्रदयस्थली नही बल्कि भारत का मानसस्थल है। यहीं से संपूर्ण भारत में जागरण, चैतन्यता व सांस्कृतिक तेज का भाव संचारित होता है। यह प्रदेश एक तरफ से उत्तरप्रदेश, दूसरी तरफ से झारखण्ड, तीसरी तरफ से महाराष्ट्र, चौथी तरफ से राजस्थान, पाँचवी तरफ से गुजरात और छठवीं तरफ से छत्तीसगढ़ की सीमाओं से घिरा हुआ है।**

## मैं मध्य प्रदेश...सुनिए मेरी गौरवगाथा




भारत की संस्कृति में मध्यप्रदेश जगमगाते दीपक के समान है, जिसके प्रकाश की सर्वथा अलग प्रभा और प्रभाव है। विभिन्न संस्कृतियों की अनेकता में एकता का जैसे आकर्षक गुलदस्ता है, मध्यप्रदेश, जिसे प्रकृती ने राष्ट्र की वेदी पर जैसे अपने हाथों से सजाकर रख दिया है, जिसका सतरंगी सौन्दर्य और मनमोहक सुगन्ध चारों ओर फैल रहे हैं। यहाँ के वातावरण में कला, साहित्य और संस्कृति की मधुमयी सुवास तैरती रहती है। यहाँ के लोक समूहों और जनजाति समूहों में प्रतिदिन नृत्य, संगीत, गीत की रसधारा सहज रुप से फूटती रहती है। यहाँ का हर दिन पर्व की तरह आता है और जीवन में आनन्द रस घोलकर स्मृति के रुप में चला जाता है। इस प्रदेश के तुंग-उतुंग शैल शिखर विन्ध्य-सतपुड़ा, मैकल-कैमूर की उपत्यिकाओं के अन्तर से गूँजते अनेक पौराणिक आख्यान और नर्मदा, सोन, सिन्ध, चम्बल, बेतवा, केन, धसान, तवा, ताप्ती आदि सर-सरिताओं के उद्गम और मिलन की मिथकथाओं से फूटती सहस्त्र धाराएँ यहाँ के जीवन को आप्लावित ही नहीं करतीं, बल्कि परितृप्त भी करती हैं। यहां के गीत, नृत्य, नाट्यकला, वाद्ययंत्र, घुमंतू जातियां, जनजातीय कलाएं, नदियों का संसार मानव हेतु सदा सदा से एक प्रेरणास्त्रोत रहा है। कविवर भवानी प्रसाद मिश्र की कविता च्च्सतपुड़ा के घने जंगल च्च पढ़ लीजिए आपको मध्यप्रदेश की सरलता, गहनता, गुह्यता, व बौद्धिकता का अद्भुत आभास करा देगी।

मध्यप्रदेश कालीदास, भृतुहरि, भवभूति, बाणभट्ट, जगनिक, केशवदास, सिंगाजी, भूषण, पद्माकर, घाघ, माखनलाल चतुर्वेदी, इसुरी, मुल्ला रमुजी, बालकृष्ण शर्मा नवीन, सुभद्राकुमारी चौहान, भवानी प्रसाद मिश्र, गजानन माधव मुक्तिबोध, हरिशंकर परसाई, शरद जोशी, आचार्य नंददुलारे बाजपई, शिवमंगल सिंह सुमन आदि जैसे महान साहित्यकारों की जन्मस्थली व रचनास्थली रही है। इन साहित्यकारों के लेखन ने संपूर्ण भारत के रचनासंसार में चार चांद लगा दिए हैं।

जहां एक ओर मध्यप्रदेश कलाकारों, साहित्यकारों, कवियों, चित्रकारों की भूमि रही है वहीं दूसरी ओर यह महान क्रांतिकारियों की भी जननी भूमि रही है। भारत के स्वतंत्रता संग्राम में प्लासी के युद्ध से लेकर 1947 तक मध्यप्रदेश का अपना विशाल योगदान रहा है। चंद्रशेखर आजाद, तात्या टोपे, रानी लक्ष्मीबाई, रानी अवंती बाई, टंट्या भील (टंट्या मामा), झलकारी बाई, भीमा नायक, कुंवर चैनसिंह, रानी दुर्गावती, बख्तावर सिंह, राजा शंकर शाह, रानी कमलापति, महादेव तेली, पद्मधर सिंह, उदया चंद, बिरसा मुंडा, रणमतसिंह, गुलाब सिंह आदि वीरों ने अपने अपने समय में विदेशी आक्रमणकारियों के दांत खट्टे करने में कोई कसर नहीं छोड़ी व आत्मोसर्ग किया। दतिया, भोजपाल, साँची, नर्मदा, खजुराहो, ओरछा, भीमबैठका, भोजपुर, मैहर, अमरकंटक, चित्रकूट, राम वन गमन के स्थान, ताप्ती, गोंडवाना, सतपुड़ा के घने जंगल, मांडू, उज्जैन, महेश्वर, ओंकारेश्वर, उज्जैन, विदिशा आदि आदि ऐतिहासिक स्थलों से भरापूरा यह प्रदेश संपूर्ण देश को पल प्रतिपल एक नया संदेश देता है। अधिकतर पठारी हिस्से में बसे मध्यप्रदेश में विन्ध्य और सतपुड़ा की पर्वत श्रृखंलाएं इस प्रदेश को रमणीय बनाती हैं। ये पर्वत श्रृखंलाएं कई नदियों के उद्गम स्थलों को जन्म देती हैं, ताप्ती, नर्मदा,चम्बल, सोन,बेतवा, महानदी जो यहां से निकल भारत के कई प्रदेशों में बहती हैं। इस वैविध्यपूर्ण प्राकृतिक देन की वजह से मध्य प्रदेश एक बेहद खूबसूरत हराभरा प्रदेश बनकर उभरता है।

मध्यप्रदेश में पांच लोक संस्कृतियों का सर्व समावेशी, सर्वस्पर्शी संसार है। ये पांच सांस्कृतिक क्षेत्र है- (क) निमाड़ (ख) मालवा (ग) बुन्देलखण्ड (घ) बघेलखण्ड (च) ग्वालियर

प्रत्येक सांस्कृतिक क्षेत्र या भू-भाग का एक अलग जीवंत लोकजीवन, साहित्य, संस्कृति, इतिहास, कला, बोली और परिवेश है। मध्यप्रदेश लोक-संस्कृति के मर्मज्ञ विद्वान श्री वसन्त निरगुणे लिखते हैं- संस्कृति किसी एक अकेले का दाय नहीं होती, उसमें पूरे समूह का सक्रिय सामूहिक दायित्व होता है। जीवन शैली, कला, साहित्य और वाचिक परम्परा मिलकर किसी अंचल की सांस्कृतिक पहचान बनाती है।

मध्यप्रदेश की संस्कृति विविधवर्णी है। गुजरात, महाराष्ट्र अथवा उड़ीसा की तरह इस प्रदेश को किसी भाषाई संस्कृति में नहीं पहचाना जाता। मध्यप्रदेश विभिन्न लोक और जनजातीय संस्कृतियों का समागम है। यहाँ कोई एक लोक संस्कृति नहीं है। यहाँ एक तरफ पांच लोक संस्कृतियों का समावेशी संसार है, तो दूसरी ओर अनेक जनजातियों की आदिम संस्कृति का विस्तृत फलक पसरा है। यह भारत के सभी प्रमुख धर्मों को मानने वाले लोगों का घर है, जो पूर्ण सद्भाव और सौहार्द में रहते हैं। मध्य प्रदेश की संस्कृति हिंदू, मुस्लिम, बौद्ध, जैन, ईसाई और सिखों का सामंजस्यपूर्ण समामेलन है। इसके अलावा, राज्य के आदिवासी समुदायों में भील, गोंड, उरांव, कोल, भिलाला, मुरिया और कोर्केस जैसी विभिन्न जनजातियां शामिल हैं। कई धर्मों और जातीय पृष्ठभूमि से संबंधित ये लोग भारतीय धर्मनिरपेक्षता की अवधारणा को दर्शाते हैं और राज्य की जीवंत सांस्कृतिक चमक में योगदान करते हैं। वर्ष 1956 में मध्य प्रदेश एक भारतीय राज्य के रूप में उभरा। उस अवधि के दौरान, यह राज्य भारत के सबसे बड़े राज्य के रूप में भी प्रमुखता से उभरा। हालाँकि, 2000 में छत्तीसगढ़ के विभाजन के साथ, आधुनिक मध्य प्रदेश अस्तित्व में आया। मध्य प्रदेश न केवल भारत का भौगोलिक हृदय है, बल्कि इसे देश का सांस्कृतिक और धार्मिक केंद्र भी कहा जा सकता है। चविविधताज शब्द को इसी स्थान पर सर्वोत्तम अभिव्यक्ति मिलती है। दरअसल, राज्य के लोग इसकी बहुआयामी संस्कृति की पहली झलक देते हैं। यह विभिन्न धर्मों, जातियों और समुदायों के लोगों को जोड़ता है। मध्यप्रदेश को भारत का सांस्कृतिक संग्रहालय कहा जा सकता है। यह स्थान न केवल कई धर्मों को अपनी गोद में समेटता है, बल्कि देश के कुछ सबसे प्रमुख आदिवासी समुदायों का भी घर है। मध्य प्रदेश के जनजातीय समाज ने इस प्रदेश की साजसज्जा में अपना अद्भुत योगदान दिया है। इतना ही विहंगम है मध्य प्रदेश जहाँ, पर्यटन की अपार संभावनायें हैं। यहाँ की संस्कृति प्राचीन और ऐतिहासिक है। असंख्य ऐतिहासिक सांस्कृतिक धरोहरें विशेषत- उत्कृष्ट शिल्प और मूर्तिकला से सजे मंदिर, स्तूप और स्थापत्य के अनूठे उदाहरण यहाँ के महल और किले हमें यहाँ उत्पन्न हुए महान राजाओं और उनके वैभवशाली काल तथा महान योद्धाओं, शिल्पकारों, कवियों, संगीतज्ञों के साथ-साथ हिन्दू धर्म, इस्लाम धर्म, जैन धर्म और बौद्ध धर्म के साधकों का स्मरण दिलाते हैं। भारत के अमर कवि, नाटककार कालिदास और प्रसिद्ध संगीतकार तानसेन ने इस उर्वर धरा पर जन्म ले इसका गौरव बढाया है। मध्यप्रदेश का एक तिहाई हिस्सा वन संपदा के रूप में संरक्षित है। जहां पर्यटक वन्यजीवन को पास से जानने का अदभुत अनुभव प्राप्त कर सकते हैं। कान्हा नेशनल पार्क,बांधवगढ़, शिवपुरी आदि ऐसे स्थान हैं जहां आप बाघ, जंगली भैंसे, हिरणों, बारहसिंघों को स्वछंद विचरते देख पाने का दुर्लभ अवसर प्राप्त कर सकते हैं। मध्यप्रदेश के हर भाग की अपनी संस्कृति है और अपनी धार्मिक परम्पराएं हैं जो उनके उत्सवों और मेलों के द्वारा जनजीवन में अपना रंग भरती हैं। खजुराहो का वार्षिक नृत्यउत्सव पर्यटकों को बहुत लुभाता है। ओरछा और पचमढ़ी के उत्सव यहाँ की समृद्ध लोक और जनजातीय संस्कृति को सजीव बनाते हैं।सबसे बड़ी बात इन सभी विशेषताओं के बाद भी मध्यप्रदेश अब भी भारत का सबसे भोलाभाला, सहृदय किंतु सर्वाधिक उत्पादक प्रदेश है। संपूर्ण राष्ट्र में सर्वाधिक गेंहू उत्पादन कर अपने साथी राज्यों के नागरिकों का उदर पोषण का कार्य भी यह प्रदेश भलीभांति करता चला आ रहा है। मध्यप्रदेश का यह आधिकारिक भी मध्यप्रदेश का व्यवस्थित परिचय दे देता है -सुख का दाता सब का साथी शुभ का यह संदेश है, माँ की गोद, पिता का आश्रय मेरा मध्यप्रदेश है। विंध्याचल सा भाल नर्मदा का जल जिसके पास है, यहां ज्ञान विज्ञान कला का लिखा गया इतिहास है। उर्वर भूमि, सघन वन, रत्न, सम्पदा जहां अशेष है, स्वर-सौरभ-सुषमा से मंडित मेरा मध्यप्रदेश है। सुख का दाता सब का साथी शुभ का यह संदेश है, माँ की गोद, पिता का आश्रय मेरा मध्यप्रदेश है। चंबल की कल-कल से गुंजित कथा तान, बलिदान की, खजुराहो में कथा कला की, चित्रकूट में राम की। भीमबैठका आदिकला का पत्थर पर अभिषेक है, अमृत कुंड अमरकंटक में, ऐसा मध्यप्रदेश है। क्षिप्रा में अमृत घट छलका मिला कृष्ण को ज्ञान यहां, महाकाल को तिलक लगाने मिला हमें वरदान यहां, कविता, न्याय, वीरता, गायन, सब कुछ यहां विषेश है, हृदय देश का है यह, मैं इसका, मेरा मध्यप्रदेश है। सुख का दाता सब का साथी शुभ का यह संदेश है, माँ की गोद, पिता का आश्रय मेरा मध्यप्रदेश है।

**प्रवीण गुगनानी,**
**लेखक विदेश मंत्रालय, भारत सरकार में राजभाषा सलाहकार हैं**

# आपका राशिफल 2 नवम्बर

**मेष** (चू चे चो ला ली लू ले लो अ)
कामकाज की व्यस्तता से सुख-चैन प्रभावित होगा। धर्म-कर्म के प्रति रुचि जागृत होगी। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। श्रेष्ठजनों की सहानुभूति मिलेगी। लाभमार्ग प्रशस्त होगा। नवीन उद्योगों के अवसर बढ़ेंगे व अभिलाषाएं पूर्ण होगी। आनन्ददायक वातावरण बनेगा। शुभांक-3-6-8

**वृष** (इ उ ए ओ वा वी वू वे वो)
आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। पत्नी व संतान पक्ष से थोड़ी चिंता रहेगी। आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। शुभांक-1-3-5

**मिथुन** (का की कू घ ङ छ के को हा)
व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें, शारीरिक सुख के लिए व्यसनों का त्याग करें। संतान पक्ष की समस्या समाप्त होगी। खान-पान में सावधानी रखें। नौकरी में अपने अधीनस्त लोगों से कम सहयोग मिलेगा। शुभांक-2-4-7

**कर्क** (ही हू हे हो डा डी डू डे डो)
कामकाज में आ रहा अवरोध दूर होकर प्रगति का रास्ता मिल जाएगा। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। अपने हित के काम सुबह-सबेरे ही निपटा लें। रुपए पैसों की सुविधा नहीं मिल पाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। शुभांक-1-5-8

**सिंह** (मा मी मू मे मो टा टी टू टे)
यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। अपने काम में सुविधा मिल जाने से प्रगति होगी। नवीन जिम्मेदारी बढ़ने के आसार रहेंगे। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम को प्राथमिकता से करें। कारोबारी काम में बाधा उभरने से मानसिक अशांति बनी रहेगी। शुभांक-3-6-8

**कन्या** (टो पा पी पू ष ण ठ पे पो)
आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध होगें। कुछ आर्थिक संकोच पैदा हो सकते है। कोई प्रिय वस्तु अथवा नवीन वस्त्राभूषण प्राप्त होंगे। आशा और उत्साह के कारण सक्रियता बढ़ेगी। धार्मिक आस्थाएं फलीभूत होंगी। अच्छे समय इन्तजार करें। कर्म प्रधान विचार धारा बनाये रखें। शुभांक-6-7-9

**तुला** (रा री रु रे रो ता ती तू ते)
लाभकारी गतिविधियों में सक्रियता रहेगी। रुका हुआ लाभ आज प्राप्त हो सकता है। मानसिक एवं शारीरिक शिथिलता पैदा होगी। व्ययाधिक्य का अवसर आ सकता है। कामकाज की अधिकता रहेगी। लाभ होगा और पुराने मित्रों से समागम भी होगा। दैनिक सुख-सुविधा में वृद्धि होगी। शुभांक-5-7-8

**वृश्चिक** (तो ना नी नू ने नो य यी यू)
व्यापार में स्थिति नरम रहेगी। शत्रुभय, चिंता, संतान को कष्ट, अपव्यय के कारण बनेंगे। संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। समय नकारात्मक परिणाम देने वाला बना रहेगा। बचते-बचते कलह विवाद का डर बना रहेगा। शुभांक-2-5-7


**धनु** (ये यो भा भी भू धा फा ढा भे)
यात्रा का दूरगामी परिणाम मिल जाएगा। कामकाज में आ रही बाधा को दूर कर लेंगे। सुविधा और समन्वय बना रहने से कामकाज में प्रगति बन जाएगी। आर्थिक हित के काम को साधने में मदद मिल जाएगी। यात्रा शुभ रहेगी। अपने काम पर पैनी नजर रखिए। विरोधी नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेगा। शुभांक-3-6-8

**मकर** (भे जा जी खी खू खे खो गा गी)
मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति बनती रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने के प्रयास सफल होंगे। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर अपने काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। शुभांक-4-6-8

**कुंभ** (गू गे गो सा सी सू से सो दा)
आलसी न बनें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। यार-दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। पूर्व नियोजित कार्यक्रम सरलता से संपन्न हो जाएंगे। जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। शुभांक-3-5-6

**मीन** (दी दू थ झ ञ दे दो चा ची)
परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंग। भाई-बहनों का प्रेम बढ़ेगा। शुभांक-5-6-8

## फिल्म वर्ग पहेली- 5974




**ऊपर से नीचे:-**

२. सनी देओल, सुनील, शिल्पा की 'कोई परी आती नही' गीत वाली फिल्म-२
३. 'ओ नचलै नचलै' गीत वाली सनी, सोहेल, सुनील, जॉन की फिल्म-३
४. राजेश खन्ना, टीना, पद्मिनी की फिल्म-३
५. 'मैं निकला गड्डी लेके' गीत वाली फिल्म-३
८. संजयदत्त, गोविंदा, दिव्या, ममता की 'दिल तो खोया है' गीत वाली फिल्म-४
९. 'गोरे गोरे मुखड़े पे' गीत वाली अजय, अक्षय, करिश्मा, नगमा की फिल्म-३
११. शशिकपूर, शबाना आजमी की फिल्म-३
१२. 'हाथी मेरे साथी' की नायिका ?-३
१४. 'तुमको कितना है' गीत वाली सनी, सुनील, सेलिना जेटली की फिल्म-२
१६ संजयकपूर, शिल्पा शेट्टी की 'टक टका टक' गीत वाली फिल्म-३
१८. 'चांदनी रातें प्यार की बातें गीत वाली देवआनंद, गीताबाली की फिल्म-२
१९. शशिकपूर, जीतेंद्र, रेखा की 'प्यार करना नहीं आया' गीत वाली फिल्म-३
२०. 'यशोदा का नंदलाला' गीत वाली जयाप्रदा, जीतेंद्र, विनोद की फिल्म-३
२२. 'एक बेचारा प्यार का मारा' गीत वाली फिल्म-३
२४. 'जो बीच बजरिया' गीत वाली अब्बास, शर्बाणी मुखर्जी की फिल्म-२
२५.विश्वजीत, वहीदा रहमान की फिल्म-३
२६. 'आज पुरानी राहों से' गीत वाली फिल्म-३
२७. देवआनंद, हेमा मालिनी की फिल्म-३
३०. 'आज सरे महफिल' गीत वाली फिल्म-२

**बायें से दायें:-**

१. धर्मेन्द्र, राखी की 'पल पल दिल के पास' गीत वाली फिल्म-२,२
४. 'इमली का बूटा' गीत वाली दिलीपकुमार, राजकुमार, विवेक मुशरान, मनीषा की फिल्म-४
६. अक्षय, सैफ, रवीना, सोनाली की 'नहीं कही थी बात' गीत वाली फिल्म-३
७. 'आईने के सौ टुकड़े' गीत वाली जीतेंद्र, जयाप्रदा की फिल्म-१
९. लक्की अली, गौरी कार्णिक की 'खोया है तूने जो' गीत वाली फिल्म-२
१०. राकेश रोशन, योगिता बाली की 'लो मेरा प्यार लेलो' गीत वाली फिल्म-४
१३. 'तुम्ही रहनुमा हो' गीत वाली अनिल धवन, राधा सलूजा की फिल्म-३
१५. सुनीलदत्त, मीनाकुमारी की 'रंग और नूर की' गीत वाली फिल्म-३
१७. 'ए बी सी डी छोड़ो' गीत वाली धर्मेन्द्र, हेंमा मालिनी की फिल्म-२,२
२१. राजेंद्रकुमार, वैजयंतीमाला की 'हमसे तो अच्छी तेरी' गीत वाली फिल्म-३
२३. 'कोई देख रहा रहा' गीत वाली सनी देओल, सुष्मिता सेन की फिल्म-२
२४. सुनील शेट्टी, सोमी अली की 'आ जा जाने जां' गीत वाली फिल्म-२
२६. 'मैं तेरा मजनूं' गीत वाली गोविंदा, सोनाली, शिल्पा शेट्टी की फिल्म-२
२७.शाहरूख, चंद्रचूड़, ऐश्वर्या की 'मेरे खयालों की' गीत वाली फिल्म-२
२८. 'अपने दिल में जगह' गीत वाली अनिल धवन, नीतूसिंह की फिल्म-३
२९. फरदीनखान, करीना कपूर की 'तेरे बिना तेरे बिना' गीत वाली फिल्म-२
३१. 'मेरे ख्वाबों का' गीत वाली अजय देवगन, अभिषेक, बिपाशा की फिल्म-३
३२. अनिलकपूर, श्रीदेवी, रवीना की 'मैं राजू दीवाना' गीत वाली फिल्म-३

**फिल्म वर्ग पहेली- 5973**



Jagrutidaur.com, Bangalore

# एक नहीं बल्कि कई समस्याएं दूर करेगा किशमिश का पानी



ड्राई फ्रूट्स भी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होते हैं। यह शरीर को कई तरह के पोषक तत्व देते हैं। किशमिश भी सूखे मेवों में से एक मानी जाती है। इसका सेवन कई अलग-अलग तरीकों के सात किया जा सकता है। कुछ लोग इसे भिगोकर खाते हैं, कुछ ऐसे ही इसका सेवन करते हैं। लेकिन बहुत से कम लोग जानते हैं कि किशमिश का पानी भी स्वास्थ्य के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है। यह शरीर को कई सारे पोषण देता है। तो चलिए जानते हैं कि इसका सेवन आप कैसे कर सकते हैं...

### ऐसे बनाएं किशमिश का पानी

किशमिश का पानी बनाने के लिए आप सबसे पहले 2 कप पानी उबाल लें। इसके बाद इसमें 150 ग्राम किशमिश डालकर गैस बंद कर दें। रातभर इस पानी को ऐसे ही रहने दें और अगली सुबह आप इसका सेवन कर सकते हैं। यदि आप दिन में किशमिश का पानी तैयार कर रहे हैं तो इसे 5-6 घंटे के लिए रहने दें और फिर ही इसका सेवन करें।

### किशमिश का पानी पीने के फायदे

#### एसिडिटी होगी दूर

किशमिश का पानी पेट की समस्याओं के लिए भी बहुत ही लाभदायक माना जाता है। यह पेट संबंधी समस्याओं को दूर करने में मदद करता है, यदि आपको एसिडिटी की समस्या है तो आप इसका सेवन अवश्य करें। इसमें पाए जाने वाले एंटी-इंफ्लेमेटरी गुण पेट में से बैक्टीरिया दूर करने में सहायता करते हैं।

#### इम्यूनिटी बढ़ाए

किशमिश के पानी में एंटीऑक्सीडेंट्स गुण पाए जाते हैं। इसका पानी आपकी रोग प्रतिरोधक क्षमता यानी की इम्यूनिटी को मजबूत करने में सहायता करता है।

#### शरीर से निकाले टॉक्सिन पदार्थ

इस पानी का सेवन करने से शरीर में से टॉक्सिन पदार्थ बाहर निकलते हैं। आप अपनी बॉडी को डिटॉक्स करने के लिए इस ड्रिंक का सेवन हफ्ते में एक बार कर सकते हैं। यह स्वास्थ्य के साथ-साथ त्वचा के लिए भी बहुत ही फायदेमंद होती है।

#### अनिद्रा करे दूर

तनाव भरी जिंदगी में बहुत से व्यक्तियों को नींद भी अच्छे से नहीं आ पाती। यदि आपको भी ऐसी कोई समस्या है तो आप किशमिश के पानी का सेवन कर सकते हैं। इसमें पाया जाने वाला मेलाटोनिन अच्छी नींद के लिए बहुत ही फायदेमंद होता है।किशमिश का पानी आपके शरीर में से एक्सट्रा कैलोरी और फैट को पिघलाने में भी मदद करता है। इसमें पाया जाने वाला नैचुरल शुगर और ग्लूकोज आपके शरीर को एनर्जी देने में भी मदद करता है। इसका सेवन करने से आपका वजन भी कम होगा और कमजोर व थकान भी महसूस नहीं होगी।

## सूडोकु नवताल- 6486

★☆☆☆☆ सरल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 6 | | | | | 7 | | | |
| | | 8 | 2 | | | | 7 | 5 |
| | 4 | | | 3 | | | | 6 |
| | 7 | 1 | | | 2 | | 5 | |
| 8 | | | | 4 | | | | 3 |
| | 2 | | 8 | | | 9 | 6 | |
| 2 | | | | 8 | | | 3 | |
| 4 | 3 | | | | 9 | 8 | | |
| | | | 3 | | | | | 9 |

- प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं.
- प्रत्येक आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3×3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें.
- पहले से मौजूद अंकों को आप हटा नहीं सकते.
- पहेली का केवल एक ही हल है.

**सूडोकु नवताल - 6485 का हल**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 7 | 4 | 6 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 2 |
| 1 | 5 | 2 | 8 | 3 | 7 | 4 | 6 | 9 |
| 9 | 3 | 8 | 2 | 6 | 4 | 7 | 1 | 5 |
| 8 | 6 | 4 | 7 | 9 | 1 | 5 | 2 | 3 |
| 5 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 9 | 8 | 1 |
| 3 | 9 | 1 | 5 | 8 | 2 | 6 | 7 | 4 |
| 2 | 7 | 9 | 1 | 5 | 8 | 3 | 4 | 6 |
| 6 | 1 | 5 | 4 | 7 | 3 | 2 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 3 | 6 | 2 | 9 | 1 | 5 | 7 |



## विचार प्रवाह

दुनिया को अपने जख्म मत दिखाते फिरना। दुनिया बड़ी जालिम है। तुम्हारे दुखों को रो रोकर पूछेगी और जमाने को हंस हंस कर बताएगी। सुखी जीवन का एक ही फार्मूला है कि जीवन में कभी सुख आए तोहंस लेना और दुख आए तो हंसकर उड़ा देना। सुख और दुख पारिवारिक सदस्य नहीं है, मेहमान हैं और मेहमानों का क्या? उनका आना जाना तो लगा ही रहता है।

-मुनिश्री तरुण सागर

## शब्द पहेली - 7526




**बाएँ से दाएँ**

1.इच्छा,मन्नत-2
3.आश्रय,शरण-3
6.ठाठ-बाट-2
8.प्रकार-3
10.आवरण-3
12.तीर्थ,धार्मिक यात्रा-3
14.ख्वाब,स्वप्न-3
17.घर,आवास-3
19.लोच-3
21.भस्म,खाक-2
23.निगाह,दृष्टि-3
25.संबोधन-2
26.देवर्षि-3
28.तिजोरी-3
30.तरंग,हिलोर-3
32.गुंडा,बदमाश-3
35.अनुकृति-3
37.नाप करना-3
39.थोड़ा-2
40.उल्टी,कै-3
41.मां के पिता-2

**ऊपर से नीचे**

1.सप्तम,सातवां-2
2.पृथ्वी,वसुंधरा-3
4.घ्राणेंद्रिय-2
5.वासना,लालसा-3
7.खुमार,सरुर-2
9.रनिवास (उर्दू-3)
11.चतुर,तेज-3
13.थकावट-3
15.नृत्य करना-3
16.कुल,खानदान,वंश-3
18.पुराना जुकाम-3
20.कटि,शरीर का मध्यांग-3
22.ईमामदस्ता-3
24.नकद राशि,रोकड़-3
27.जलने की क्रिया-3
29.रवानगी,विदा होना-3
31.राशि,धन-3
33.आलेप करना, पोतना-3
34.रहस्य-2
36.बुरी आदत-2
38.अनेक प्रकार-2

**शब्द पहेली -7525 का हल**



Jagrutidaur.com, Bangalore



# 13 दिन मप्र में रहेगी राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा

**भोपाल,यशभारत। कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा मध्य प्रदेश में अब 16 की जगह 13 दिन रहेगी। 20 नवंबर को यह महाराष्ट्र से मध्य प्रदेश के बुरहानपुर में प्रवेश करेगी। 382 किलोमीटर की यात्रा छह जिलों से होती हुई तीन दिसंबर को आगर मालवा से राजस्थान में प्रवेश करेगी। इसके पहले उज्जैन में राहुल गांधी भगवान महाकाल का दर्शन करने के बाद सभा को संबोधित करेंगे।**

इंदौर में उनकी पत्रकारवार्ता होगी। प्रदेश कांग्रेस के पदाधिकारियों ने बताया कि भारत जोड़ो यात्रा के प्रस्तावित मार्ग का निरीक्षण किया जा चुका है। जहा-जहां रात्रि विश्राम होना है, उन स्थानों को देखकर व्यवस्थाएं की जा रही हैं। यात्रा के बीच-बीच में विभिन्न् संगठनों के व्यक्तियों से राहुल गांधी संवाद करेंगे। उज्जैन में महाकाल दर्शन के बाद सभा होगी। इसे बड़े स्तर पर आयोजित करने की तैयारी की जा रही है।

डा.भीमराव आंबेडकर की जन्मस्थली महू भी राहुल गांधी जा सकते हैं। इसके लिए प्रदेश कांग्रेस के नेता प्रयासरत हैं। वहीं, यात्रियों के ठहरने, भोजन, परिवहन आदि की व्यवस्थाएं किस तरह की जा रही हैं, इसे देखने के लिए प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष कमल नाथ द्वारा गठित विभिन्न् समितियों के सदस्य हैदराबाद जाएंगे।

तीन नवंबर को कमल नाथ ने सभी पदाधिकारियों की बैठक बुलाई है, जिसमें यात्रा की तैयारियों को अंतिम रूप दिया जाएगा। इसी दिन से 17 उपयात्राएं भी प्रारंभ होंगी। इसकी तैयारियों को लेकर पूर्व नेता प्रतिपक्ष अजय सिंह प्रदेश पदाधिकारियों के साथ बैठक कर चुके हैं। सभी जिलों में उपयात्रा के प्रभारी नियुक्त कर दिए गए हैं।

# मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर आज से सात दिनों तक होंगे कई कार्यक्रम

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश के स्थापना दिवस पर मुख्य कार्यक्रम लाल परेड ग्राउंड भोपाल में होगा। मुख्यमंत्री श्री चौहान सहित जन-प्रतिनिधि, अधिकारी-कर्मचारी, नागरिक कार्यक्रम में उपस्थित रहेंगे। सुप्रसिद्ध तीन संगीतकार शंकर, एहसान और लॉय समूह द्वारा बैंड प्रस्तुति और जानीमानी कोरियोग्राफर सुश्री मैत्रेयी पहाड़ी का साथी कलाकारों के साथ नृत्य नाटिका च्चशिव महात्म्यज्ज का कार्यक्रम देखने का राजधानी के नागरिकों में उत्साह निर्मित हुआ है। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि मध्यप्रदेश के स्थापना दिवस समारोह पर सभी कार्यक्रमों को सुचारू रूप से किया जाए। मुख्यमंत्री चौहान ने भोपाल जिला प्रशासन, संस्कृति और अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों को इस संबंध में निर्देश दिए। मुख्यमंत्री चौहान को बताया गया कि मुख्य समारोह सहित अन्य गतिविधियों के लिए आवश्यक तैयारियां पूरी हो गई हैं।




# अजीत केसरी को वित्त, अशोक बर्णवाल को कृषि का जिम्मा

**भोपाल ,यशभारत।** मनोज गोविल के केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर जाने से रिक्त वित्त विभाग का जिम्मा मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने अपर मुख्य सचिव अजीत केसरी को सौंपा है। उनके स्थान पर अब कृषि विभाग की जिम्मेदारी अपर मुख्य सचिव पद पर पदोन्नत हुए अशोक बर्णवाल संभालेंगे। वन विभाग की जिम्मेदारी अपर मुख्य सचिव जेएन कंसोटिया को सौंपी गई है।सोमवार को मुख्यमंत्री के अनुमोदन से सामान्य प्रशासन विभाग ने सात आइएएस अधिकारियों की नवीन पदस्थापना के आदेश जारी कर दिए। अलगे साल होने वाले विधानसभा चुनाव को देखते हुए अजीत केसरी को वित्त विभाग की जिम्मेदारी दी गई है।



नवंबर से वित्तीय वर्ष 2023-24 के लिए बजट की तैयारी प्रारंभ हो जाएगी। चुनावी वर्ष होने के कारण विभाग के ऊपर लोकलुभावन बजट तैयार करने का दबाव रहेगा लेकिन सरकार को वित्तीय स्थिति को भी देखना होगा। प्रदेश के ऊपर तीन लाख करो? रुपये से अधिक का ऋण हो चुका है। केसरी प्रशासन अकादमी के महानिदेशक बने रहेंगे। वहीं, अशोक बर्णवाल को पदोन्नति के साथ सरकार की प्राथमिकता वाले कृषि विभाग का दायित्व मिला है। उन्हें कृषकों की ऋण माफी के लिए एकमुश्त समझौता योजना को अंतिम रूप देना होगा। साथ ही प्राकृतिक कृषि के विस्तार के साथ खाद वितरण की व्यवस्था को सुदृढ़ बनाना होगा।



# मप्र खदान में एक से अधिक खनिज तो केवल अधिक दर वाले खनिज का देना होगा अनिवार्य किराया

**भोपाल यशभारत।** मध्य प्रदेश में अब एक खदान से निकलने वाले विभिन्न् खनिजों का अनिवार्य किराया नहीं देना होगा, केवल अधिक दर वाले खनिज का ही अनिवार्य किराया लगेगा। राज्य सरकार ने मप्र गौण खनिज नियम 1996 में संशोधन कर खदान संचालकों को राहत दी गई है। कम दर वाले खनिज में अनिवार्य किराया नहीं लगने से आम जनता को भी किफायती दर पर भवन निर्माण में उपयोगी खनिज उपलब्ध हो सकेगा। नई व्यवस्था के तहत स्वीकृत उत्खनन पट्टे का अनिवार्य किराया अथवा रायल्टी जो भी अधिक हो देनी होगी, लेकिन यदि किसी उत्खनन पट्टे में एक से अधिक खनिज स्वीकृत है, तब उस खनिज जिसकी दर सर्वाधिक हो का अनिवार्य किराया देना होगा। शेष खनिज पर केवल रायल्टी की राशि देनी होगी।साल के लिए देए अनिवार्य किराया का अग्रिम भुगतान दो किश्तों में किया जा सकेगा। प्रथम किश्त का भुगतान साल के जनवरी माह की 20 तारीख तक व द्वितीय किश्त का भुगतान जुलाई की 20 तारीख तक करना होगा। अभी साल के जनवरी माह में एक किश्त में भुगतान करना होता है। इसके अलावा खनिज की बकाया रायल्टी पर अब 24 प्रतिशत की जगह 12 प्रतिशत ब्याज लगेगा। पहले बकाया रायल्टी पर 24 प्रतिशत ब्याज वसूला जाता था।उत्खनन पट्टा वन भूमि में है तो पट्टाधारी को वन अनुमति के लिए 18 माह की जगह अब तीन साल तक का समय दिया जाएगा। सैद्धांतिक सहमति मिलने पर आशय पत्र का धारक सैद्धांतिक सहमति वाले क्षेत्र के लिए पहले वन (संरक्षण) अधिनियम 1980 के तहत विधिवत अनुमति प्राप्त करेगा।

**18 माह की जगह अब तीन साल तक का समय दिया**

इसके बाद खनन योजना भी तैयार कराकर खनन के पहले अनुमति, पर्यावरणीय अनुमति तथा अन्य सभी वैधानिक अनुमतियां एवं अनापत्तियां प्राप्त करन अनुमोदन खनन योजना सहित तीन साल की अवधि अथवा उसके पूर्व संचालक को प्रस्तुत करेगा। इसके बाद भी अनुमति नहीं मिलती है तो वन अनुमति लेने के लिए मंजूरी अधिकारी द्वारा दो वर्ष का अतिरिक्त समय भी दिया जा सकेगा।

शासकीय विभाग की अनुमति से सरकारी तालाब, बांध, नहर, स्टापडेम से निकाले गए कीच?, गाद और मिट्टी का उपयोग संबंधित शासकीय विभाग द्वारा स्वयं के विभागीय कार्यों में उपयोग किया जाता है तो ऐसे कीच?, गाद, मिट्टी पर कोई रायल्टी नहीं लगेगी और न ही परिवहन के लिए टीपी की आवश्यकता होगी। इसी तरह ग्राम पंचायतों पर भी यह नियम लागू होंगे, लेकिन संबंधित विभाग या ग्राम पंचायत इसका विक्रय नहीं कर सकेगा।

# शहर में पांच और ग्रामीण क्षेत्र में 15 मिनट में सहायता के लिए पहुंचेगी डायल-100

**भोपाल यशभारत।** प्रदेश के शहरी क्षेत्रों में फोन करने के पांच मिनट में सहायता के लिए पुलिस पहुंच जाएगी। वहीं, ग्रामीण क्षेत्र में 15 मिनट में सुविधा मिल जाएगी। अभी शहर में 10 मिनट और ग्रामीण क्षेत्र में 30 मिनट का समय तय है। शहरों में सफारी की जगह इनोवा और गांवों में बोलेरो वाहन डायल-100 में लगाए जाएंगे। वाहनों की संख्या एक हजार से ब?ाकर दो हजार की जाएगी। प्रदेश में डायल-100 की दूसरे चरण की सेवा शुरू होने के साथ ही यह सुविधा शुरू होगी। इस सेवा के संचालन के लिए निविदा प्रक्रिया चल रही है। नवंबर में इसके पूरे होने की उम्मीद है। दिसंबर या जनवरी से नई कंपनी काम संभाल सकती है।इसके साथ ही पुलिस, फायर ब्रिगेड, एंबुलेंस और महिला सुरक्षा हेल्प लाइन नंबर एक कर दिए जाएंगे। 112 नंबर लगाने पर यह सुविधाएं मिलेंगी। अभी पुलिस के लिए 100, फायर ब्रिगेड के लिए 101, एंबुलेंस के लिए 108 और महिला सुरक्षा के लिए 1090 नंबर लगाना प?ता है। सभी सुविधाएं एक नंबर से मिल जाएं, इसलिए यह व्यवस्था की जा रही है। 112 के सभी फोन पहले पुलिस के एकीकृत काल सेंटर में पहुंचेंगे, इसके बाद संबंधित विभागों को अग्रेषित किया जाएगा। कुछ राज्यों में यह व्यवस्था लागू की जा चुकी है।

### यह सुविधाएं बढ़ेंगी

गुप्त रहेगा फोन नंबर- फोन करने वाले की गोपनीयता बनाए रखने के लिए काल मास्किंग की जाएगी। इस तकनीक में काल सेंटर से पुलिसकर्मी के पास फोन नंबर की जगह एक लिंक भेजा जाएगा। इसी के माध्यम से फोन करने वाले से पुलिसकर्मी बात कर सकेंगे। पुलिसकर्मियों के कपड़े में लगेंगे कैमरे- घटना की रिकार्डिंग के लिए पुलिसकर्मियों के कपड़ों में छोटे कैमरे लगाए जाएंगे। इनमें वीडियो रिकार्डिंग की जा सकेगी। वाहनों में आगे और पीछे कैमरे लगाए जाएंगे, जिससे घटना स्थल की रिकार्डिंग हो सकेगी। राज्य स्तरीय कंट्रोल रूम से भी इसे लाइव देखा जा सकेगा।

### चार चरणों में बढ़ेंगे वाहन

अभी एक हजार वाहन चल रहे हैं। नई कंपनी के आने पर 12 सौ वाहन हो जाएंगे। इसके बाद चार चरणों में दो-दो सौ वाहन ब?ाए जाएंगे। इस तरह प्रदेश में वाहनों की संख्या दो हजार हो जाएगी।

### इनका कहना है

निविदा की प्रक्रिया चल रही है। जल्द ही कंपनी का चयन हो जाएगा। वाहनों की संख्या दो हजार की जा रही हैं। सुरक्षा के लिहाज से डायल-100 के पलिसकर्मियों को बाडी वार्न कैमरे दिए जाएंगे। वाहन पहुंचने का समय भी कम हो जाएगा।

**अमित सिंह, एसएसपी, रेडियो**



# पाक अधिकृत कश्मीर हमारा है, इसे कभी न कभी वापस लेंगे :शिवराज सिंह चौहान

भोपाल ईएमएस। जिसको आज पाक अधिकृत कश्मीर कहा जाता है वह हमारा कश्मीर है। उसके बिना भारत अधूरा है।यह संकल्प अभी भी हमारे दिल में है कि उसे कभी न कभी वापस लेंगे। कश्मीर के राजा हरि सिंह ने निर्णय लिया था कि भारत में विलय करेंगे।इसी दौरान पाक ने हमला कर दिया। हमारी सेना पाकिस्तान के कब्जे से जमीन मुक्त करा रही थी तभी पंडित नेहरू ने युद्ध विराम कर दिया। अगर कश्मीर रियासत का निर्णय भी सरदार पटेल को लेना होता तो आज पूरा कश्मीर हमारा होता। यह बात मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सोमवार को यहां सरदार वल्लभ भाई पटेल की जयंती पर कुशाभाऊ ठाकरे सभागार मे आयोजित कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि सरदार पटेल के आदर्शों को जन-जन तक पहुंचाने के लिए प्रधानमंत्री दिन रात एक कर रहे हैं। यह भारत का दुर्भाग्य था कि एक खानदान को आजादी दिलाने का श्रेय दिया जाता था। आजादी के अमृत महोत्सव में मोदी के नेतृत्व में आजादी के महानायकों को याद किया गया। सरदार पटेल ने आजादी की ल?ाई में अतुलनीय योगदान दिया। उनका सबसे ब?ा काम रियासतों का विलय कराना था। राज्यपाल मंगुभाई पटेल ने कहा कि सरदार पटेल की प्रेरणा से नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में भारत बाहरी और आंतरिक चुनौतियों से निपटने में सक्षम है।उन्होंने कार्यक्रम में मौजूद स्कूल व कालेज के विद्यार्थियों को संकल्प दिलाया कि ऐसा कोई काम नहीं करेंगे जिससे भारत मां पर कोई लांछन लगे। यह भी मंत्र दिया कि एक रहेंगे तभी देश आगे बढ़ेगा।कार्यक्रम में उच्च शिक्षा मंत्री मोहन यादव ने कहा कि सरदार पटेल की वजह से भोपाल का भी भारत में विलय हुआ नहीं तो हो सकता यह देश के नक्शे से बाहर दिखता। उन्होंने सहकारिता क्षेत्र में कई बडे काम किए। गुजरात का अमूल उन्हीं की देन है।

कार्यक्रम में स्कूल शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार ने कहा कि देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में हर निर्णय ऐसे हो रहे हैं जैसे सरदार वल्लभ भाई पटेल फिर से भारत का नेतृत्व करने के लिए खडे हों।जम्मू कश्मीर की रियासत का निर्णय करने का अधिकार सरदार पटेल के पास होता तो शायद आज भारत का नक्शा कुछ और होता। अखंड भारत का संकल्प प्रदर्शित होता।

# डेढ़ घंटे घर में रहे चोर, लायसेंसी बंदूक

## आभूषण समेत 20 लाख का माल ले भागे

**भोपाल ईएमएस।** शहर में चोरी की वारदातें थमने का नाम नहीं ले रही हैं। इसी क्रम में पिछले दिनों कोलार में स?थित एक पाश कालोनी में चोरों ने सेंध लगा दी। इस वारदात के सीसीटीवी फुटेज भी सामने आए हैं। उनसे पता चला कि बदमाश लगभग डेढ़ घंटे तक सूने मकान की इत्मीनान से खानाङ्कतलाशी लेते रहे। वे नकदी सहित 20 लाख का माल लेकर चंपत हो गए। इस मामले में पुलिस को आरोपितों का कोई सुराग नहीं लग सका है। कोलार थाना पुलिस के मुताबिक 44 वर्षीय अभिषेक श्रीवास्तव सागर ग्रीन हिल्स के फ्लेटङ्कएङ्क2/11 में अपने परिवार के साथ रहते हैं। वह एक निजी फर्म में इंजीनियर हैं। अभिषेक ने बताया कि चार अक्टूबर को वह परिवार के साथ मुंबई चले गए थे। 21 अक्टूबर को वापस लौटे तो घर के मुख्य द्वार पर लगा सेंट्रल लाक टूटा हुआ था। घर के अंदर तमाम सामान बिखरा पड़ा था। अलमारियों के ताले एवं लाकर भी टूटे हुए थे। उसमें रखे दो लाख रुपये, सोने, चांदी के अलावा हीरे जड़ित जेवर गायब थे। इसके अलावा उनकी लाइसेंसी 12 बोर की बंदूक और चार कारतूस भी चोरी चले गए हैं। अभिषेक ने बताया कि फ्लैट में लगे सीसीटीवी एवं घर के अंदर लगे सीसीटीवी में पूरी वारदात कैद हो गई है। उसमें चार बदमाश घर के अंदर घुसकर चोरी करते नजर आ रहे हैं। वे लोग करीब डेढ़ घंटे तक घर के अंदर मौजूद थे। मैनिट के सिविल डिपार्टमेंट से चोरी हो गई। चोर एचओडी के रूम में लगी 32 इंच एलईडी, दो डीवीआर और दो नल की टोटी चोरी कर ले गए। इसकी शिकायत गेटकीपर लाल बहादुर ने कमला नगर थाने में दर्ज कराई है।



# कांग्रेस पार्षद दल को निगम मुख्यालय में कक्ष नहीं मिलने से नेता प्रतिपक्ष नाराज

**भोपाल, ईएमएस।** आइएसबीटी स्थित नगर निगम के मुख्यालय में महापौर, नगर निगम अध्यक्ष, एमआइसी सदस्य और भाजपा पार्षद दल के लिए अलग से कार्यालय बनाए गए हैं। लेकिन कांग्रेस पार्षद दल के लिए अलग से कोई कक्ष आवंटित नहीं किया गया है। इस बात से नाराज होकर सोमवार को नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने कांग्रेस के पार्षद के साथ परिषद हाल के फर्श में बैठकर तीन नवंबर को होने वाली परिषद की बैठक के एजेंडे पर चर्चा कर विरोध जताया। बता दें कि सड़क, सीवेज, पानी और स्ट्रीट लाइट जैसे तमाम आम शहरी से जुड़े मुद्दों सहित शहर विकास के मुद्दों को लेकर तीन नवंबर को नगर निगम परिषद की बैठक होने वाली है। इस बैठक में हंगामा होने के आसार नजर आ रहे हैं। जिसकी तैयारी विपक्षी पार्षदों ने शुरू कर दी है। सोमवार को कांग्रेस पार्षदों ने नेता प्रतिपक्ष की अगुआई में निगम परिषद हाल में नीचे बैठकर मीटिंग कर विरोध जताया। इस दौरान प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी के साथ पार्षद मो. सरवर, योगेंद्र सिंह चौहान सहित अन्य पार्षदों ने जमीन पर बैठकर कर तीन नवंबर होने वाली निगम परिषद की बैठक की रणनीति तय की। नेता प्रतिपक्ष शबिस्ता जकी ने बताया कि निगम परिषद बने हुए करीब ढाई महीने बीत चुके हैं, लेकिन अब तक नेता प्रतिपक्ष को चेंबर अलाट नहीं हो सका है। इधर, परिषद बैठक में विपक्ष द्वारा उठाए जाने वाले मुद्दों पर बात करते हुए जकी ने कहा कि विपक्ष पानी, सड़क और स्ट्रीट लाइट के मुद्दे उठाएगा, जो सीधे आम शहरी से जुड़े हैं।

**गुजरात विधानसभा चुनाव**

# मध्य प्रदेश के मंत्री भी संभालेंगे गुजरात चुनाव में प्रचार और प्रबंधन का मोर्चा

**भोपाल,यशभारत। गुजरात विधानसभा चुनाव में मध्य प्रदेश के कई मंत्री चुनाव प्रचार और प्रबंधन का मोर्चा संभालेंगे। मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान और केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया को भी पार्टी चुनाव प्रचार के लिए उतारेगी। इसके अलावा गृह मंत्री नरोत्तम मिश्रा, चिकित्सा शिक्षा मंत्री विश्वास सारंग सहित मालवांचल के सभी मंत्रियों को गुजरात में कुछ विधानसभा क्षेत्र या जिलों की जिम्मेदारी दी जा रही है।**

इससे पहले भाजपा ने प्रदेश उपाध्यक्ष जीतू जिराती के नेतृत्व में संगठन ने 90 नेताओं की तैनाती गुजरात के सीमावर्ती इलाके में की है। इनमें पूर्व सांसद, पूर्व विधायक सहित कुछ पूर्व संगठन मंत्री हैं। इसी तरह कांग्रेस के केंद्रीय संगठन की ओर से भी प्रदेश कांग्रेस कमेटी से कुछ विधायक और वरिष्ठ पदाधिकारियों को मध्य प्रदेश से लगे हुए क्षेत्रों में चुनाव प्रबंधन के लिए भेजने का आग्रह किया है। पिछले चुनाव में



पूर्व मंत्री जीतू पटवारी, उमंग सिंघार,कुणाल चौधरी सहित झाबुआ, आलीराजपुर सहत अन्य क्षेत्रों से नेताओं को गुजरात भेजा गया था। गौरतलब है कि गुजरात के छह जिलों की 37 विधानसभा सीटें मध्य प्रदेश से लगी हुई हैं।

### डा.मिश्रा को नौ सीटों की जिम्मेदारी

मध्य प्रदेश के गृह मंत्री डा नरोत्तम मिश्रा और विश्वास सारंग एक बार गुजरात का दौरा करके आ चुके हैं। डा. मिश्रा को बनासकाठा की नौ विधानसभा सीटों की जिम्मेदारी सौंपी गई है। वहीं, अब मंत्री भूपेन्द्र सिंह, मोहन यादव, इंदर सिंह परमार, अरविंद भदौरिया, राजवर्धन सिंह दत्तीगांव, जगदीश देव?ा सहित अन्य नेताओं को भेजा जा रहा है।

### गुजरात को चार जोन में बांटा

गुजरात राज्य को भाजपा ने चुनावी तैयारी के हिसाब से चार अलग-अलग जोन में बांटा है। इनमें दक्षिण गुजरात, उत्तर गुजरात, मध्य गुजरात और सौराष्ट्र के विधानसभा क्षेत्र शामिल हैं। सौराष्ट्र में मप्र से दो प्रभारी बनाए गए हैं। इसमें एक जीतू जिराती हैं, जिन्हें चुनाव लड़ने से लेकर प्रबंधन का बेहतर अनुभव है। वहीं, पूर्व संगठन मंत्री श्याम महाजन को संगठन का काम सौंपा है। इनके साथ सात जिलों में दो-दो प्रभारी बनाए गए हैं और हर विधानसभा क्षेत्र के लिए भी दो-दो कार्यकर्ताओं को तैनात किया है। गुजरात के संगठन महामंत्री रत्नाकर के साथ कार्यकर्ताओं ने चुनावी मोर्चा संभाल लिया है।

### मप्र के नेताओं को मिला सौराष्ट्र जोन का प्रभार

मप्र के झाबुआ और आलीराजपुर से गुजरात के सात जिले दाहौद खे?ा, महिसागर, पंचमहल, ब?ौदा ग्रामीण, ब?ौदा नगर और आणंद जिले लगे हुए हैं। इन क्षेत्रों में मध्य प्रदेश से ऐसे कार्यकर्ता भेजे हैं, जिनका वहां प्रभाव या अच्छा संपर्क है। फिलहाल यह कार्यकर्ता वहां संगठनात्मक कार्यों में सहायता के साथ चुनावी जमावट को मजबूत बनाने के लिए काम कर रहे हैं। अब गुजरात के लिए मंत्रियों की तैनाती की गई है।

### इनका कहना है

मप्र से आए भाजपा कार्यकर्ता अपने-अपने प्रभार के विधानसभा क्षेत्र में के शक्ति केंद्र तक पहुंच गए हैं। यहां पांच बूथों पर एक शक्ति केंद्र बनाए गए हैं। प्रवासी कार्यकर्ता यहां स्थानीय कार्यकर्ताओं के साथ सहयोगी की भूमिका अदा कर रहे हैं। मप्र के मंत्रियों को केंद्रीय नेतृत्व ने अलग से जिम्मेदारी सौंपी है।

# नियुक्ति दिनांक से मिले अध्यापक संवर्ग को वरिष्ठता

## क्रमोन्नति पर रोक से अध्यापकों में आक्रोश

**जबलपुर, यशभारत।** म.प्र . तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारी संघ के अध्यापक प्रकोष्ठ ने मांग की है कि अध्यापक संवर्ग को वरिष्ठता नियुक्ति दिनांक से मिले। संघ के प्रांतीय संयोजक मुकेश सिंह ने 01 जुलाई 2018 के पश्चात 12 वर्ष पूर्ण करने वाले अध्यापक / नवीन संवर्ग के शिक्षकों को आयुक्त लोक शिक्षण म . प्र भोपाल के एक तुगलकी आदेश के द्वारा क्रमोन्नति वेतनमान दिये जाने पर रोक लगते हुए कहा गया है कि नवीन संवर्ग के लोक सेवकों को क्रमोन्नत वेतनमान स्वीकृत किये जाने के जो आदेश जारी किये गये हैं उसे शासन के बगैर सक्षम निर्देश जारी हुए स्वीकृती आदेश नियामानुसार नहीं हैं । शासन द्वारा अध्यापक संवर्ग के 21 वर्षो की सेवाओं को दरकिनार करते हुए 01 जुलाई 2018 से आदेश को बताकर अध्यापकों में आक्रोश बढा रहा है । जहां पूर्व में शासन द्वारा स्पष्ट कहा गया था कि नियुक्ति दिनांक की वरिष्ठता दिनांक होगी वहीं अध्यापकों की वरिष्ठता नजर अंदाज करने की जा रही है । संघ के मुकेश सिंह , सुनील राय , मनीष चौबे , महेश कोरी , धीरेन्द्र सोनी , मो 0 तारिख , नितिन अग्रवाल , गगन चौबे , अभिषेक मिश्रा योगेन्द्र मिश्रा , पवन ताम्रकार , प्रियांशु शुक्ला , आन्नद रैकवार , गणेश उपाध्याय , दीपक पटैल , संतोष तिवारी , प्रणव साहू , शुभसंदेश सिंगौर , राकेश दुबे , मनीष लोहिया , मनोज सेन , मनीष शुक्ला , आदि ने माननीय मुख्यमंत्री से मांग की है कि अध्यापकों को नियुक्ति दिनांक से वरिष्ठता का लाभ दिया जाये तथा आयुक्त लोक शिक्षण का तुगलकी आदेश निरस्त किया जावे ।

## पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी लामबंद

**कर्मचारियों की एक ही पुकार पुरानी पेंशन हो बहाल**

**जबलपुर,यशभारत।** मध्य प्रदेश जागरूक अधिकारी कर्मचारी संयुक्त समन्वय समिति के बैनर तले पुरानी पेंशन बहाली को लेकर कर्मचारी लामबंद हुए । जिलाध्यक्ष रॉबर्ट मार्टिन ने बताया कि राष्ट्रीय पेंशन बहाली संगठन के अध्यक्ष प्रमोद तिवारी एवं संयोजक उदित भदोरिया के निर्देशन में आज समिति के पदाधिकारियों एवं कर्मचारियों के द्वारा प्रदर्शन कर माननीय मुख्य मंत्री महोदय से मांग की गई कि प्रदेश में पुरानी पेंशन अतिशीघ्र लागू की जाए। पुरानी पेंशन कर्मचारियों के लिए नितांत आवश्यक है क्योंकि न्यू पेंशन स्कीम के तहत कर्मचारियों को सेवानिवृत्ती के पश्चात बहुत ही न्यूनतम राशि पेंशन के रूप में मिलती है जिससे कर्मचारियों और उनके परिवार का भरणपोषण/जीवकोपार्जन संभव नहीं है अतः पुरानी पेंशन अतिशीघ्र बहाल की जाना चाहिए।संघ के जिलाध्यक्ष-रॉबर्ट मार्टिन, राकेश श्रीवास, स्टेनली नॉबर्ट, दिनेश गौंड़, शहीर मुमताज, हेमंत ठाकरे, प्रदीप पटेल, रॉबर्ट फ्रांसिस, धनराज पिल्ले, राजकुमार यादव, सुधीर पावेल, कुलदीप सिंह, गुडविन चार्ल्स, फिलिप अन्थोनी, रिजनॉल रिर्चडसन, मोदित रजक, संतोष चैरसिया, आदि ने मुख्य मंत्री से मांग की है कि प्रदेश के कर्मचारियों के भविष्य को ध्यान में रखते हुए उनके हित में पुरानी पेंशन अतिशीघ्र लागू की जाए।

## रेलवे द्वारा सेवानिवृत्ति पर नो करोड़ रूपये का भुगतान करके दी बिदाई

**जबलपुर यशभारत।** जबलपुर रेल मंडल में कार्यरत 26 रेल सेवको को आवश्यक रेल सेवा पूर्ण करने पर सामान्य सेवा निवृति प्रदान की गयी. मंडल की सेवा से निवृत होने वाले रेल कर्मचारियों के अंतिम भुगतान हेतु डी.आर.एम. श्री विवेक शील के निर्देशानुसार अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, वरिष्ठ मंडल कार्मिक अधिकारी सुबोध विश्वकर्मा, सहायक कार्मिक अधिकारी अरविन्द पाण्डेय, अवधेश तिवारी द्वारा सभी सेवानिवृत हो रहे स्टाफ को नो करोड़ 62 लाख रूपये का भुगतान एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से किया गया. इस अवसर पर श्री गुप्ता ने बिदा लेते उप मुख्य संकेत एवं दूर संचार अभियंता पी.के. पालीवाल सहित रेल कर्मचारी सी.एम.आई. सुधीर गुप्ता, मुख्य आरक्षण पर्यवेक्षक सतना अशोक यादव, स्टेशन मास्टर पिपरिया, मुख्य कार्यालय अधीक्षक दिलीप कुमार पाल चौधरी, ई.सी.सी. बैंक के संतोष उसरेठे, गजराज पॉइंट्स मेन सहित अन्य कर्मचारीयों को उनके स्वस्थ एवं दीघ्र जीवन की कामना की. सेवानिवृति समारोह के उपरांत बिदा लेते सभी रेलवे स्टाफ को उनके परिजनों द्वारा ढोल बजाकर एवं मालाये पहनाकर खुशी -खुशी अपने साथ ले गए.

# पाटन जनपद सरपंच संघ हुआ दो फाड़

### अलग अलग दो बार चुने गए अध्यक्ष



**जबलपुर यशभारत।** जिले की पाटन जनपद के अंतर्गत आने वाले सभी सरपंचों का संगठन और संघ के अध्यक्ष को लेकर हुआ निर्णय अब चर्चा का विषय बना हुआ है,पाटन जनपद के अंतर्गत 83 पंचायत हैं जिसमे 41 पुरुष और 42 महिला सरपंच हैं,हाल में ही हुए पंचायत चुनाव के निर्वाचित हुए सरपंचों द्वारा संघ का अध्यक्ष चुना जाना था जिसे लेकर पाटन जनपद के अलग अलग बैठकों का दौर चला,इसी दौरान 20 अक्टूबर को कटंगी के समीप नाहन देवी मंदिर प्रांगण में सरपंच संघ की एक बैठक आयोजित की गई जिसमे करीब 40 से अधिक सरपंच उपस्थित हुए और ग्राम पंचायत गोपपुर से निर्वाचित सरपंच जगन्नाथ सिंह द्वारा सरपंच संघ के अध्यक्ष पद हेतु ग्राम ककरेंहटा के सरपंच वेद प्रकाश गर्ग का नाम प्रस्तावित किया गया और उपस्थित सरपंचों ने सहमति दर्ज कराते हुए वेद प्रकाश गर्ग को सरपंच संघ का अध्यक्ष चुना गया था और गोपपुर पंचायत के सरपंच जगन्नाथ सिंह को सरपंच संघ का उपाध्यक्ष चुना गया था साथ ही अन्य सदस्यों की कार्यकारिणी बनाने के लिए 3 नवंबर को एक बैठक पुनः आयोजित होनी थी लेकिन बीच में ही पाटन के समीप ग्राम नुनसर स्थित एक मैरिज गार्डन में फिर से एक बैठक आयोजित की गई और कांकरखेडा के सरपंच शिव केदार पटेल को सरपंच संघ का अध्यक्ष चुन लिया गया इस दौरान 20 अक्टूबर को हुई बैठक में शामिल हुए सरपंचों ने इस बात का विरोध करते हुए सरपंच संघ चुनाव का बहिष्कार कर दिया है,हालांकि अब जी भी अध्यक्ष बने या फिर सरपंच संघ का ताज जिसे भी नसीब हो लेकिन दो दो बार हुई बैठकों के बाद चुने गए 2 अध्यक्षों के बाद अब पाटन जनपद का या सरपंच संघ चुनाव चर्चा का विषय बना हुआ है।

# भाजपा झूग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ जबलपुर महानगर की कार्यकारिणी घोषित



**जबलपुर, यशभारत।** भाजपा रानीताल संभागीय कार्यालय में भारतीय जनता पार्टी झूग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के नवनियुक्त जिला पदाधिकारीगणों का स्वागत किया गया। जिसमे भाजपा जिला महामंत्री रजनीश यादव जी ने बताया कि भाजपा प्रदेश अध्यक्ष माननीय श्री विष्णु दत्त शर्मा जी एवं झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के प्रदेश संयोजक डॉक्टर अखिलेश खंडेलवाल जी व भाजपा जिला अध्यक्ष श्री जी एस ठाकुर जी, भाजपा झूग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सह सयोंजक दीपक नाहर के निर्देशानुसार भाजपा झुग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ के जिला संयोजक गंगाराम प्रजापति जी ने जिला पदाधिकारीगणों की घोषणा की। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ कनिष्ठगणों ने झूग्गी झोपड़ी प्रकोष्ट के समस्त नवनियुक्त जिला सह सयोंजक बनाये जाने पर बधाई एवं शुभकामनाएं। कार्यक्रम के दौरान भाजपा जिला महामंत्री रजनीश यादव, झूग्गी झोपड़ी प्रकोष्ठ प्रदेश सह सयोंजक दीपक नाहर, जिला सयोंजक गंगाराम प्रजापति, अनंत पांडेय, अरुण बंशकर, सुमित सिंह, सतवीर सोनकर, रमाकांत मिश्रा, आशीष चौरसिया, सीताराम यादव, संतोष चक्रवर्ती, अमित श्रीवास एवं अनेको कार्यकर्ता उपस्थित रहे।



# राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई

**गोटेगाँव, यशभारत।** नगर में बेहतर शिक्षा का संकल्प लेकर चलने वाली संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में आज सरदार वल्लभभाई पटेल उप प्रधानमंत्री जिन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता था जन्म जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य कमलेश तिवारी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा आधुनिक भारत निर्माण के मुख्य शिल्पकार सरदार पटेल थे सरदार पटेल शुद्धता से पहले और उसके तुरंत बाद उतनी ही असरदार थी भारत इस समय जिस दौर से गुजर रहा था उसमें भी वैरायटी एकता को प्रेरक कढ़ी बने हुए थे उनके मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र को सशक्त बनाना है उनकी जन्म जयंती पर राष्ट्र के प्रति कृतज्ञ श्रद्धांजलि होगी प्राथमिक विभाग के भैया बहनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने दिलाई कार्यक्रम में किशोर शुक्ला संजय जैन अनिल अग्निहोत्री राम सिया मिश्रा संगीता जैन माया किरण चौरसिया ज्योति दुबे पूजा यादव सुलेखा सोनी निशा पटेल आदि की उपस्थिति थी।

# बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

**पनागर, यशभारत।** श्री दिगंबर जैन अतिशय क्षेत्र पनागर में भगवान महावीर का निर्वाण महोत्सव के अवसर पर मुनि श्री प्रणम्या सागर जी महाराज मुनि श्री चंद्र सागर जी महाराज के सानिध्य में उत्साह के साथ मनाया गया इस अवसर पर पाठशाला के छोटे-छोटे बच्चों ने बहुत ही मनमोहक प्रस्तुति दी जो बहुत ही सराहनीय रही छोटे-छोटे बच्चों ने अपनी प्रस्तुति के माध्यम से अपनी संस्कृति की रक्षा करने एवं छान छानकर पानी पीना मंदिर प्रतिदिन जाएंगे के संकल्प के साथ अर्हम योग साधना को अपनाकर स्वस्थ रहने का संदेश दिया निश्चित ही हम अपने जीवन में शाकाहार अपनाकर योग साधना के माध्यम से जीवन को उत्कृष्ट बनाने की दिशा में प्रयास करना चाहिए।



# राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परिक्षा नीट 2022 में सफलता के लिये बधाई प्रेषित की



**गोटेगांव, यशभारत।** राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2022 में सफल होने पर लोगों ने बधाई दी है। स्थानीय रुद्र वार्ड निवासी गोपाल सिंह पटैल पिता रामस्वरूप पटैल के पुत्र कुशाग्र सिंह पटैल ने राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा नीट 2022 में उत्कृष्ट स्थान प्राप्त कर शासकीय मेडिकल कालेज खंडवा मध्यप्रदेश में एम बी बी एस प्रथम वर्ष में प्रवेश पाया है. कुशाग्र सिंह पटैल की इस सफलता पर रामस्वरूप पटैल ओंकार सिंह पटैल चौधरी जोगेंद्र सिंह हरि सिंह पटैल रघुनाथ सिंह पटैल रवींद्र सिंह पटैल रोशन सिंह पटैल राजेश सिंह पटैल यश पटैल कुनाल सिंह पटैल ने हर्ष व्यक्त किया साथ ही कुशाग्र सिंह पटैल के उज्वल भविष्य की कामना की है।

# राष्ट्रीय एकता दिवस पर शपथ दिलाई



**गोटेगाँव, यशभारत।** नगर में बेहतर शिक्षा का संकल्प लेकर चलने वाली संस्था सरस्वती उच्चतर माध्यमिक विद्यालय गोटेगांव में आज सरदार वल्लभभाई पटेल उप प्रधानमंत्री जिन्हें लौह पुरुष के नाम से जाना जाता था जन्म जयंती पर पुष्पांजलि अर्पित की गई कार्यक्रम में संस्था प्राचार्य कमलेश तिवारी ने राष्ट्रीय एकता दिवस पर भैया बहनों को संबोधित करते हुए कहा आधुनिक भारत निर्माण के मुख्य शिल्पकार सरदार पटेल थे सरदार पटेल शुद्धता से पहले और उसके तुरंत बाद उतनी ही असरदार थी भारत इस समय जिस दौर से गुजर रहा था उसमें भी वैरायटी एकता को प्रेरक कढ़ी बने हुए थे उनके मूल्यों को आत्मसात कर राष्ट्र को सशक्त बनाना है उनकी जन्म जयंती पर राष्ट्र के प्रति कृतज्ञ श्रद्धांजलि होगी प्राथमिक विभाग के भैया बहनों को राष्ट्रीय एकता की शपथ प्रधानाचार्य नर्मदा गुप्ता ने दिलाई कार्यक्रम में किशोर शुक्ला संजय जैन अनिल अग्निहोत्री राम सिया मिश्रा संगीता जैन माया किरण चौरसिया ज्योति दुबे पूजा यादव सुलेखा सोनी निशा पटेल आदि की उपस्थिति थी।


# 2 नवम्बर को शंकराचार्य जी महाराज का आगमन परमहंसी गंगा आश्रम



**गोटेगांव, यशभारत।** गोटेगांव द्वारका पीठ पर अभिषेक होने के पश्चात प्रथम बार परमहंसी गंगा आश्रम पहुंच रहे अनंत श्री विभूषित द्वारका शारदा पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी श्री सदानंद सरस्वती महाराज जी का प्रथम आगमन हो रहा है इस पावन उपलक्ष पर क्षेत्र वासियों द्वारा शंकराचार्य जी महाराज की अगवानी हेतु तैयारी प्रारंभ कर दी गई है शंकराचार्य जी महाराज 2 नवंबर को सुबह 9~00 बजे बडनगर से चलकर उज्जैन भोपाल बाईपास बाड़ी बरेली होते हुए रात्रि को 9~00 बजे परमहंसी गंगा आश्रम पहुंचेंगे जहां पर क्षेत्रवासियों द्वारा शंकराचार्य महाराज का स्वागत किया जाएगा शंकराचार्य जी महाराज 5 नवंबर तक परमहंसी गंगा आश्रम में विराजित रहेंगे द्वारका पीठाधीश्वर स्वामी श्री सदानंद सरस्वती जी महाराज एवं ज्योतिष पीठाधीश्वर स्वामी श्री अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती जी महाराज 5 नवंबर को दोपहर 2~00 बजे परमहंसी गंगा आश्रम से रामनगरा तिलवारा शंकराचार्य आश्रम जबलपुर के लिए प्रस्थान करेंगे रामनगरा में रात्रि विश्राम कर जबलपुर मे 6 और 7 नवंबर को शंकराचार्यदूय की भव्य शोभायात्रा एवं नागरिक अभिनंदन किया जाएगा जिसमें शंकराचार्य शिष्य मंडल एवं शहर के सभी गणमान्य नागरिकों द्वारा तैयारी प्रारंभ कर दी गई है।

# प्रसंग की लोकप्रियता अंतरराष्ट्रीय स्तर

## जर्मनी से उठी वन्दे मातरम् की गूंज और बना एक अद्भुत विश्व रिकॉर्ड





**जबलपुर, यशभारत।** प्रसंग साहित्य समूह से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर 35 रचनाकार भारत से शामिल हुए। इंजी. विनोद नयन के सद प्रयास से यह संभव हो सका। जर्मनी में रह रहीं इंदु नांदल के नेतृत्व में बना 150 से अधिक देश भक्ति की कविताओं के अंतरराष्ट्रीय काव्य संग्रह का विश्व रिकॉर्ड बना। इंदु नांदयाल ने बताया कि यह देश प्रेम से ओतप्रोत रचनाओं का विश्व रिकॉर्ड भारत माता को समर्पित है। भारत से दूर रहकर भी वो भारत की मिट्टी की सुगंध हर पल विदेश में महसूस करती हैं। काव्य व लेखन से इंदु जी का गहरा नाता है उन्होंने 5 वर्ष तक ऑल इंडिया रेडियो पर स्वरचित कविताओं का पाठ किया है इंटरनेशनल बुक ऑफ रिकॉर्ड्स में दर्ज हुए विश्व भर से अनेक कवि - कवयित्रियों के नाम इस प्रकार हैं । सुरेश चौधरी कोलकाता, दुर्गा सिन्हा च्च्उदारज्ज अमेरिका ,लीना शारदा इंडोनेशिया, स्वर्ण तलवाड. यू के , साहिल नांदल कनाडा , डॉ गौतम सागर जर्मनी , वैशाली रस्तोगी इंडोनेशिया , कादंबरी आदेश अमेरिका , वंदना खुराना यू के ,डॉ दिनेश व्यास च्चललकारज्ज , अस्मिता शैली ,कुलवंत कौर चनं फ्रांस ,मोहिंदर सिंह जगी पंजाब , रणजीत सिंह चंन फ्रांस, डॉ.संगीता भारद्वाज मैत्री ,कल्याणी झा कनक,मोनिका रूसिया ,नसीम अहमद कच्छी ,रश्मि मृदुलिका,नवनीता चौरसिया,वेदवंती देवी रोहतक, अलका मधुसूदन पटेल , डॉ निनामा रायसिंह सोमाभाई, निधि विश्वकर्मा कानपुर,नीलम नेगी ,ऋम्भरा सेमवाल, मीनू राजेश शर्मा , डॉ आशा श्रीवास्तव, मथुरा प्रसाद कोरी, सुनीता राजेश कुमार परसाई (सुराज), विद्या निर्गुडकर , करुणा झा, बी नेगी कृष्णा उत्तराखंड, गायत्री नीरज चौबे , मंजू शर्मा , गोविंद गुप्ता , अंजना सिंह , मदन श्रीवास्तव, अरुणा दहिया रोहतक , डॉक्टर अंजुल कंसल च्चकनुप्रियाज्ज, डॉ प्रशांत भट्ट पंजाब , मनोहर चौबे च्चआकाशज्ज , डॉ गीता पांडेय च्चबेबीज्ज , त्यागी अशोका कृष्णम, किरण वैद्य च्चकठिनज, एकता कोचर रेलन, मंजु जायसवाल, राज किशोर बाजपेयी, डाक्टर दुर्गेश नंदिनी तेलंगाना, रूची गुप्ता, श्यामा गुप्ता ,रचना श्रीवास्तव, मनोज कुमार शुक्ला , मनोरमा मिश्रा अयोध्या, अनुराधा त्यागी, श्यामा देवी गुप्ता दर्शना, उमंग रोहतक, अपर्णा नायक , स्मृति चौधरी , डॉ0 ज्योति राज हरियाणा , कमला राठी हरियाणा, वंदना हिना मलिक, स्मिता चौधरी ताशकेंट उज़्बेकिस्तान, अश्विनी केगांवकर नेदरलैंड्स , इंजी विनोद नयन ,पदमा तिवारी, पूनम ग्रोवर, निशु अंतिल हरियाणा ,डॉ शिप्रा शिल्पी सक्सेना जर्मनी,आदित्य देव खुराना जर्मनी, अक्षया खुराना यू के , आरुषि देविका खुराना यू के । इंदु ने बताया कि वे ऐसे ही और विश्व रिकॉर्ड बनाकर साहित्य व संस्कृति की सेवा करते रहेंगे । अंत में उन्होंने कहा कि देश भक्ति की कविताओं पर विश्व रिकॉर्ड बनाकर ऐसा प्रतीत हो रहा था जैसे तिरंगा सिर्फ़ लाल किले पर नहीं पूरे विश्व में फहरा दिया हो ।

# सरदार पटेल के जीवन को रेखांकित करती रेल चित्र प्रर्दशनी का आयोजन



**जबलपुर यशभारत।** सरदार वल्लभ भाई पटेल के जन्मदिन को राष्ट्रीय एकता दिवस के रूप से जबलपुर रेल मंडल द्वारा आयोजित किया गया. इस उपलक्ष में 31 अक्तूबर को जबलपुर रेलवे स्टेशन पर सरदार पटेल के जीवन पर आधारित चित्र प्रदर्शन का आयोजन किया गया। इस चित्र प्रदर्शनी में लौह पुरुष सरदार वल्लभ भाई पटेल के जीवन से जुड़ी विभिन्न घटनाओं का सचित्र विवरण दिया गया है। चित्र प्रदर्शनी का शुभारंभ स्वतंत्रता सेनानी श्री कोमल चंद जैन द्वारा किया गया। इस अवसर पर डीआरएम श्री विवेक शील ,अपर मंडल रेल प्रबंधक दीपक कुमार गुप्ता, अमितोज बल्लभ के साथ ही मंडल के शाखा अधिकारी सर्व विश्व रंजन, सुबोध विश्वकर्मा, मनीष पटेल, अभिराम खरे, आरपीएफ कमांडेंट अरुण त्रिपाठी, सुनील श्रीवास्तव, देवेश सोनी, अखिलेश पाण्डेय सहित बड़ी संख्या में रेलवे के अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। रेलवे स्टेशन पर आयोजित यह प्रदर्शनी 1 नवंबर को भी लोगों के अवलोकनार्थ खुली रहेगी। इस अवसर इस मंडल के सांस्कृतिक दल द्वारा सुमधुर बैंड वादन एवम सांस्कृतिक दल द्वारा देश भक्ति गीत प्रस्तुति किए गए। दो दिनों तक चलने वाली इस प्रदर्शनी को रेलवे स्टेशन पर उपस्थित रेल यात्रियों सहित बड़ी संख्या में लोगों ने देख कर प्रदर्शनी की सराहना की।

# खमरिया का फिलिंग-6 मेकेनिकल इंजीनियरिंग विभाग को सौंपा

**एक सप्ताह तक पूरे संयंत्रों की एक एक हिस्से की होगी बारीकी से जांच**

**जबलपुर यशभारत।** रविवार को खमरिया के फिलिंग-6 अनुभाग में मेल्टर मशीन में आई कतिपय खराबी और उसके बाद कर्मचारियों में मची भगद? के बाद फिलिंग -6अनुभाग को मशीनों के संधारण करनेवाले विभाग मेकेनिकल इंजीनियरिंग( एम ई) को सौंप दिया गया है।विभाग द्वारा फिलिंग-6 में स्थापित सभी संयंत्रों के प्रत्येक हिस्से की बारीकी से से जांच कर उनमें आयी खराबियों को पहचान कर दुरुस्त करेंगे।सभी संयंत्रों की जांच कर सुरक्षा सुनिश्चित होने के बाद उसे उत्पादन के लिए शुरू किया जाएगा।इसके लिए एक सप्ताह का समय तय कर दिया गया है। उल्लेखनीय है कि रविवार को उत्पादन बढ़ाने के लिए कर्मचारियों को एक्स्ट्रा ओवर टाइम देकर ड्यूटी पर बुलाया गया था।करीब सवा दो बजे दोपहर को बिल्डिंग नंबर638 में मेल्टर मशीन में जोरों से आवाज आने पर सब कर्मचारी हड़बड़ा कर सेक्शन के बाहर आ गए थे।तत्काल फायर ब्रिगेड को सूचना के बाद जैसे ही खतरे का सायरन बजा तमाम अधिकारी मौके पर पहुंच गए।कोई हानि नहीं होने से सभी ने राहत की सांस ली। मालूम हो कि इसी अनुभाग में29सितंबर को दोपहर को इसी समय के दौरान हादसा हुआ था।जिसमें 6कर्मचारी घायल हो गए थे।उसमें से नंदकिशोर सोनी को इलाज के बाद भी बचाया नहीं जा सका।तब से वहां कर्मचारियों में भय व्याप्त है।बहरहाल एम ई अनुभाग से हरी झंडी मिलने के बाद ही अनुभाग को शुरू किया जाएगा।

# सेन समाज ने मनाया दीवाली मिलन समारोह

**जबलपुर, यशभारत।** संत शिरोमणि सेन जी महाराज सामुदायिक भवन माढोताल, जबलपुर में दीपावली मिलन कार्यक्रम में महापौर जगतबहादुर सिंह , विधायक विनय सक्सेना, प्रतिपक्ष के नेता कमलेश अग्रवाल के आतिथ्य में सेन समाज का दीवाली महोत्सव आयोजित किया गया। शुभारंभ दीप प्रज्जवलन से हुआ। महापौर श्री सिंह ने कहा कि तमसो मा ज्योतिर्गमय याने कि अंधकार से प्रकाश की ओर की बढते रहना की भावना से हमे आगे बढ़ते रहना है। विधायक श्री विनय सक्सेना ने कहा कि सेन समाज को समाज की मुख्य धारा से जोडना बहुत आवश्यक है तभी यह समाज उन्नत हो सकेगा। प्रतिपक्ष नेता कमलेश अग्रवाल जी ने कहा कि सेन समाज की मदद के लिये हम सब हमेशा सजग है और हमेशा मदद के लिये तत्पर है। कार्यक्रम में मोहन श्रीवास, सीताराम उसरेटे, शिवबहादुर श्रीवास महेश श्रीवास, संतोष सेन, चन्द्रप्रकाश श्रीवास, विजय सेन. के.एल.सेन, गौरीशंकर सेन लखन सेन, रवि सेन, पी.एल. सेन संतोश उसरेटे के साथ साथ सैकड़ों की संख्या में समाजसेवी उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन मोहन श्रीवास ने किया। आभार के एल सेन ने किया ।

# वरिष्ठ नागरिकों ने मनाया दीपावली मिलन



**जबलपुर यशभारत।** भारतीय वरिष्ठ नागरिक एसोसिएशन के तत्वावधान में गत दिवस हरिशंकर परसाई भवन में दीपावली मिलन समारोह संपन्न हुआ।जिसमें सुरक्षा संस्थानों से सेवानिवृत्त कर्मचारियों ने बढ़ चढ़ कर हिस्सा लिया।एसोसिएशन के अध्यक्ष आर एस तिवारी ने कहा कि हमारे पर्व भी हमें एकता के सूत्र में बंधे रहने की प्रेरणा देते हैं।इस अवसर पर हास्य कलाकार बलराम वर्मा गोपाल तिवारी ने अपने हास्य प्रस्तुतियों से सबको गुदगुदाया।इस मौके पर डी के सिंह हरजीवन विश्वकर्मा एच एल जांगड़े सुधीर पांडे आर बी शाह टी के रायघटक आदि उपस्थित थे।

# नर्मदा परिक्रमा भक्तों को महापौर, तरुण रवाना करेंगे

**संत महात्मा सहित शरद अग्रवाल भी उपस्थित रहेंगे**

**जबलपुर, यशभारत।** नर्मदा परिक्रमा 11 नवम्बर को बस द्वारा जिलहरीघाट पगलानंद आश्रम से रवाना होगी। यात्रा के संयोजक मुन्ना लाल बर्मन ने बताया कि पिछले 10 वर्षों की तरह इस वर्ष भी मां नर्मदा तीर्थयात्रा सर्विस जबलपुर, यात्रियों के खानपान और ठहरने की बेहतर व्यवस्था के साथ एयर संस्पेंशन स्लीपर कोच बस द्वारा नर्मदा की 19 दिवसीय परिक्रमा करने जा रही है जिसमें यात्रियों को प्रतिदिन रूद्राभिषेक एवं नर्मदा पुराण का श्रवण भी कराया जायेगा। यात्रा के पूर्व ग्वारीघाट नर्मदा उत्तर तट पर श्री रूद्राभिषेक व नर्मदा संकल्प पूजन, नर्मदा पुराण का शुभारंभ,भंडारा पश्चात संत श्री पगलानदं जी महाराज, स्वामी गिरीशानंद जी सरस्वती महाराज,डां, साध्वी संपूर्णा जी, साध्वी शिरोमणि जी एवं तरुण भनोत विधायक पूर्व वित्तमंत्री मध्यप्रदेश शासन, जगतबहादुर सिंह अन्नू महापौर, शरद अग्रवाल प्रदेश संयोजक व्यापारी प्रकोष्ठ भाजपा, शिव पटैल पूर्व जिला अध्यक्ष भाजपा ग्रामीण, डां, सुधीर अग्रवाल महाआरती संस्थापक एवं नर्मदा पंचकोसी परिक्रमा भेड़ाघाट, डां, शिव शंकर पटैल योगाचार्य, ओंकार दुबे महाआरती प्रबंधक ग्वारीघाट, श्रीमति शारदा कुशवाहा पार्षद, परिक्रमा वाहन को ध्वज दिखाकर रवाना करेंगे, दोपहर 2 बजे आयोजित कार्यक्रम में परिक्रमावासियों के सम्मान पश्चात परिक्रमा संबंधित प्रकाशित पुस्तक भी भेंट की जावेगी। यात्रा के संयोजक मुन्ना लाल बर्मन ने आगे बताया कि 19 दिवसीय नर्मदा परिक्रमा जबलपुर से प्रारंभ होकर अमरकंटक, महाराजपुर, बरमान, झोतेश्वर, होशंगाबाद, खंडवा, ओंकारेश्वर, श्री प्रकाशा, राजपीपला, अंकलेश्वर,रेवा सागर संगम, विमलेश्वर, मीठीतलाई, भरुच, करनाली,मांडू, महेश्वर, नेमावर, सलकनपुर, बरमान से वापिस जबलपुर पहुंचेगी, जबलपुर में नर्मदा महाआरती करने पश्चात जल अभिषेक हेतु श्री ओंकारेश्वर पुन~ बस जावेगी, वहां ओंकारेश्वर ज्योतिर्लिंग में जल अभिषेक पश्चात मांधाता पर्वत की परिक्रमा भी की जावेगी।

# ध्वजारोहण के साथ विश्वशान्ति महायज्ञ का आगाज हुआ

## सुख और समृद्धि आती है विधान करने से मुनिश्री प्रणम्य सागरजी

**पनागर, यशभारत।** अनंदभाव के साथ कार्य की शुरुआत पाप को जलाने के लिए की जाती है।मंगल की शुरुआत दिख रही है।देव लोग भी आपके साथ हैं ध्वज की शुभ दिशा कार्य की सानंद समाप्ति की सूचक है।वास्तु शास्त्रों में भी ध्वजारोहण के बारे में विशद वर्णन है।यह विधान आपके जीवन मे सुख और समृद्धि को लाने वाला है इसलिए सभी उत्साह पूर्वक लाभ लेकर अपने जीवन को समृद्ध शाली बना सकते हैं। उक्त उद्गार अर्हम योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज ने श्री महमह नंदीश्वर विधान के पूर्व दिवस घटयात्रा और ध्वजारोहण के अवसर पर व्यक्त किये। संत शिरोमणि आचार्य गुरुवर श्री 108 विद्यासागर जी महाराज के शिष्य अर्हम योग प्रणेता मुनिश्री प्रणम्य सागरजी महाराज एवं मुनिश्री चंद्रसागर जी महाराज के सानिध्य में 1से 8 नवंबर आठ दिन तक चलने वाले श्री महामह नंदीश्वर विधान का भव्य आगाज आज प्रातः घट यात्रा के साथ हुआ।समाज की सैकड़ों महिलाएं इंद्राणी की वेशभूषा में सिर पर कलश लिए घट यात्रा जुलूस की शोभा बढ़ा रहीं थीं।तत्पष्चात अति भव्य सूंदर और मनमोहक विशाल पंडाल के समीप ध्वजारोहण का कार्यक्रम सम्पन्न हुआ। अष्ट दिवसीय महा आयोजन में लाभ लेने अमेरिका, बेंगलोर, मुम्बई, दिल्ली, आगरा, मुजफ्फरनगर, मेरठ आदि स्थानों से श्रद्धालु उपस्थित हुए हैं। उदयपुर राजिस्थान से लगभग 100 सदस्यों ने मुनिश्री के समक्ष उपस्थित होकर उदयपुर पधारकर गजरथ महोत्सव कराने का निवेदन किया। विधान में उपस्थित होकर धर्मलाभ लेने की अपील प्रबंधकारिणी सभा पनागर ने की है।

# न्यूजीलैंड के खिलाफ टी20 सीरीज से दिनेश कार्तिक हुए बाहर



## मुख्य चयनकर्ता चेतन शर्मा ने बताई वजह

**नई दिल्ली, एजेंसी।** भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने न्यूज़ीलैंड के खिलाफ होने वाली टी20 सीरीज के लिए हार्दिक पांड्या को भारत की कप्तानी सौंपी है। बीसीसीआई ने सोमवार को टीम की घोषणा करते हुए बताया कि इस दौरे में होने वाली वनडे सीरीज में शिखर धवन टीम की कप्तानी करेंगे, जबकि ऋषभ पंत दोनों सीरीज में उप-कप्तान होंगे। वहीं दिनेश कार्तिक का टी20 टीम में नाम ना होने से ये कयास लगाए जाने लगे थे कि शायद उनका करियर खत्म हो गया है। हालांकि भारत के सीनियर चयन समिति के अध्यक्ष चेतन शर्मा ने सोमवार को कहा कि टी20 वर्ल्ड कप के बाद भी दिनेश कार्तिक के नाम पर विचार किया जाएगा। वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखते हुए न्यूजीलैंड के खिलाफ तीन मैचों की टी20 सीरीज में उनका नाम नहीं शामिल किया गया है। भारत ने टी20 सीरीज के लिए दिनेश कार्तिक को नहीं चुना है, जबकि टी20 वर्ल्ड कप 2022 में अभी तक एक भी मैच नहीं खेल सके ऋषभ पंत को टीम का उप कप्तान बनाया गया है। हार्दिक पांड्या टीम की कमान संभालेंगे। नियमित कप्तान रोहित शर्मा, स्टार बल्लेबाज विराट कोहली और ऑफ स्पिनर रविचंद्रन अश्विन को भी न्यूजीलैंड दौरे से आराम दिया गया है जबकि तीन मैच की एकदिवसीय श्रृंखला में अनुभवी शिखर धवन टीम की अगुआई करेंगे। टी20 सीरीज की शुरुआत ऑस्ट्रेलिया में मौजूदा टी20 विश्व कप के खत्म होने के बाद दिन बाद 18 नवंबर को वेलिंगटन में होगी। दूसरा मैच माउंट मोनगानुई में 20 नवंबर को खेला जाएगा जबकि अंतिम मुकाबला 22 नवंबर को नेपियर में होगा। चेतन शर्मा ने कहा, ‍‌ऐसा नहीं है। (दिनेश कार्तिक को नजरअंदाज कर आगे देखते हुए) विश्व अभी खत्म होगा। यह वर्कलोड मैनेजमेंट को ध्यान में रखकर फैसला किया गया है। हम इस पर ज्यादा फोकस कर रहे हैं। हम योजना बना रहे हैं कि उचित समय पर किसे आराम दिया जाए। उन्होंने आगे कहा, ‍‌और दिनेश कार्तिक जिस तरह से वह टीम में आएं हैं और जैसा उसने प्रदर्शन किया है। वह चयनकर्ताओं के लिए हमेशा उपलब्ध रहेंगे। ये सिर्फ इसलिए हैं क्योंकि विश्व कप के तुरंत बाद हमारे सामने कुछ टी20 मैच हैं, हमने खिलाड़ियों के एक अतिरिक्त सेट को आजमाने के बारे में सोचा। नहीं तो उसके लिए दरवाजे खुले हैं। वह एक शानदार खिलाड़ी है, इसमें कोई दिक्कत नहीं है।ज्ज बांग्लादेश दौरे के लिए भी टीम की घोषणा की जहां तीन वनडे और दो टेस्ट मैच खेले जाएंगे।

## साउथ अफ्रीका से मिली हार के बाद बने भारत के वर्ल्ड कप जीतने के संयोग? धोनी के समय पर भी हुआ था कुछ ऐसा



**नई दिल्ली, ईएमएस।** रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम इंडिया को रविवार को टी20 वर्ल्ड कप 2022 में साउथ अफीका के हाथों 5 विकेट से हार का सामना करना पड़ा। यह इस वर्ल्ड कप में भारत की पहली हार है। इस शिकस्त के बाद कुछ ऐसे संयोग सामने आए जिसके बाद फैंस थोड़ा कन्फ्यूज है कि इस हार से दुखी होए या खुश। दरअसल साउथ अफीका के खिलाफ मिली यह हार भारत के वर्ल्ड कप जीतने के संयोग बना रही है। जी हां, टी20 वर्ल्ड कप के इस संस्करण में कुछ ऐसा ही हो रहा है जो 11 साल पहले 2022 वर्ल्ड कप में महेंद्र सिंह धोनी के साथ हुआ था।

### क्या कहते हैं संयोग

2011 वर्ल्ड कप में जब भारत ने महेंद्र सिंह धोनी की अगुवाई में खिताब उठाया था उस दौरान टीम इंडिया ग्रुप स्टेज में एकमात्र मैच साउथ अफ्रीका के खिलाफ ही हारी थी। वहीं ग्रुप स्टेज में भारत के साथ उस समय नीदरलैंड्स भी थी। नीदरलैंड्स के खिलाफ भारत सिर्फ दो ही बार खेला है और जब-जब भारत ने इस टीम को हराया है वह वर्ल्ड कप फाइनल में पहुंचा है। 2011 वर्ल्ड कप से पहले भारत 2003 वर्ल्ड कप में भी नीदरलैंड्स से भिड़ा था। इसके अलावा 2011 वर्ल्ड कप में आयरलैंड ने इंग्लैंड को हराकर बड़ा उलटफेर किया था। इस बार टी20 वर्ल्ड कप में भी कुछ ऐसा ही देखने को मिला है। भारत ने नीदरलैंड्स को ग्रुप स्टेज में हराया वहीं साउथ अफ्रीका से टीम हारी। इसी के साथ ग्रुप-1 में आयरलैंड ने इंग्लैंड को धूल चटाई। भारत को टी20 वर्ल्ड कप में अगले दो मुकाबले बांग्लादेश और जिम्बाब्वे के खिलाफ खेलने है और दोनों ही मैचों में भारत का पलड़ा भारी है। अगर भारत अगले दो मैच जीतता है तो ग्रुप स्टेज में भारत के नाम एक ही हार रहेगी जो साउथ अफ्रीका ने दी है। हार के बाद बल्लेबाजों और फील्डर्स पर बरसे कप्तान रोहित शर्मा, कहा- बहाना नहीं चलेगा, हम पहले भी ऐसी कंडीशन में खेल चुके हैं।

### कैसा रहा था साउथ अफीका के खिलाफ मुकाबला

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए टीम इंडिया 20 ओवर में 9 विकेट खोकर सिर्फ 133 रन ही बना सकी। भारत को इस स्कोर तक पहुंचाने में सूर्यकुमार यादव ने अहम भूमिका निभाई। 49 पर आधी टीम पवेलियन लौटने के बावजूद इस खिलाड़ी ने टीम को चुनौतीपूर्ण लक्ष्य तक पहुंचाया। हालांकि इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका ने एडन मारक्रम (52) और डेविड मिलर (59*) के बीच हुई 76 रनों की अर्धशतकीय साझेदारी की बदौलत दो गेंद शेष रहते 5 विकेट पर 137 रन बनाकर ये मैच जीत लिया।

## ऑस्ट्रेलिया के लिए बुरी खबर, कप्तान एरोन फिंच के साथ टिम डेविड भी हुए चोटिल, कल होगा स्कैन



**सिडनी, एजेंसी।** ऑस्ट्रेलिया के कप्तान एरोन फिंच के पैर की मांसपेशियों में सोमवार को आयरलैंड के खिलाफ टी20 विश्व कप मैच के दौरान खिंचाव आ गया। फिंच ने इस मुकाबले में अर्धशतक जड़ा जिससे गत चैंपियन टीम ने आयरलैंड को 42 रन से हराया। फिंच ने 44 गेंद में 63 रन की पारी खेली लेकिन अपनी पारी के आखिरी हिस्से के दौरान उन्हें विकेटों के बीच दौड़ लगाते हुए परेशानी में देखा गया। उनकी पारी से ऑस्ट्रेलिया ने पांच विकट पर 179 रन का स्कोर खड़ा किया। पैंतीस साल के फिंच ने आयरलैंड की पारी के दौरान पूरे समय क्षेत्ररक्षण नहीं किया। आयरलैंड की टीम 18.1 ओवर में 137 रन पर ढेर हो गई। फिंच ने मैच के बाद कहा, ‍‌कल मैं स्कैन के लिए जाऊंगा, पहले भी मैं इससे (पैर की मांसपेशियों में चोट) परेशान रहा हूं। स्थिति इस समय खराब नहीं दिखती लेकिन देखते हैं कि स्कैन में क्या पता चलता है। सिंगापुर में जन्मे ऑलराउंडर टिम डेविड ने भी आयरलैंड की पूरी पारी मैदान के बाहर बिताई लेकिन फिंच ने कहा कि उन्हें जकड़न की समस्या थी और एहतियात के तौर पर वह क्षेत्ररक्षण के लिए नहीं उतरे। प्लेयर ऑफ द मैच चुने गए फिंच ने कहा कि बल्लेबाजी के लिए यह एक मुश्किल विकेट था लेकिन उन्हें खुशी है कि टीम अच्छा स्कोर बना सकी। उन्होंने कहा, ‍‌यह एक अच्छा प्रदर्शन था। उस विकेट पर 180 रन अच्छा स्कोर था। हमें पता था कि हमें नींव जल्दी रखनी है और चार-पांच विकेट गंवाने का जोखिम नहीं ले सकते। आयरलैंड के कप्तान एंडी बॉलबर्नी ने लोर्कान टकर की सराहना की जो 48 गेंद में 71 रन बनाकर नाबाद रहे लेकिन उन्हें दूसरे छोर से समर्थन नहीं मिला। कप्तान ने कहा, ‍‌हमने अच्छी गेंदबाजी की लेकिन कुछ ओवर हमारे अनुकूल नहीं रहे और निश्चित रूप से बल्ले से अच्छी शुरुआत नहीं हुई लेकिन अंत में चुनौती देता अच्छा था। उन्होंने कहा, ‍‌स्कोरबोर्ड को देखते हुए हमने सोचा कि यह हमारे खिलाफ नहीं था, फिर से विकेट नहीं चटका पाना एक समस्या है लेकिन क्या पता अगर कोई टकर का साथ दे देता तो क्या होता। उसके लिए विश्व कप अच्छा रहा है और यहां के विकेट उसके अनुकूल हैं।

## ऐश्वर्या ने 9वीं क्लास से ही शुरू कर दी थी मॉडलिंग



### मिस वर्ल्ड बनने से पहले ठुकराई थीं 4 फिल्में, इत्तेफाक से मिली थी पहली ब्लॉकबस्टर हम दिल दे चुके सनम

मुंबई, एजेंसी। दुनिया की चौथी सबसे खूबसूरत एक्ट्रेस ऐश्वर्या राय आज 49 साल की हो चुकी हैं। खूबसूरती ऐसी कि नीदरलैंड में ट्यूलिप फूलों की एक वैरायटी का नाम ऐश्वर्या के नाम पर रखा गया है। साल 1994 में मिस वर्ल्ड का खिताब हासिल करने के बाद ऐश्वर्या ने साल 1997 में तमिल फिल्म इरुवर से एक्टिंग की दुनिया में कदम रखा था। ऐश्वर्या आज तक तमिल, तेलुगु, बंगाली, इंग्लिश और हिंदी भाषा की करीब 50 फिल्मों में नजर आ चुकी हैं। ऐश्वर्या ने हमेशा से ही अपनी शर्तों पर जिंदगी जीते हुए देश का नाम दुनियाभर में रोशन किया। कभी इन्होंने मिस इंडिया बनने के लिए आमिर खान जैसे स्टार की राजा हिंदुस्तानी फिल्म ठुकरा दी तो कभी इन्होंने मामूली कहासुनी के बाद शाहरुख जैसे स्टार के साथ फिल्में करनी छोड़ दी। इनकी जिंदगी के ज्यादातर फैसले सही साबित हुए। ऐश्वर्या को स्टार बनाने वाली फिल्म साल 1999 की हम दिल दे चुके सनम थी, ये फिल्म ऐश्वर्या के फिल्मों में आने के 2 साल बाद आई, लेकिन ये फिल्म उन्हें किसी ऑडिशन से नहीं बल्कि इत्तेफाकन हुई एक मुलाकात के चलते मिली।

### कैसे 9वीं में मिला पहला मॉडलिंग प्रोजेक्ट

वाइल्ड फिल्म्स इंडिया को दिए एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या ने बताया था कि वो बचपन से गहरी आंखों और ब्राउन बालों के चलते आकर्षण का केंद्र थीं। उनकी एक इंग्लिश प्रोफेसर मैगजीन में बतौर फोटो जर्नलिस्ट काम करती थीं। उन्हें एक प्रोजेक्ट के लिए मॉडल की जरूरत थी, चूंकि प्रोजेक्ट की डेडलाइन नजदीक थी तो प्रोफेसर ने ऐश्वर्या से ही मॉडलिंग करने की रिक्वेस्ट की। ऐश्वर्या मान गईं और ऐसे उन्होंने महज 9वीं क्लास में पहला मॉडलिंग प्रोजेक्ट पूरा किया। ये कैमलिन एग्जाम पैंसिल का ऐड था। ऐश्वर्या ऐसे ही मॉडलिंग करती गईं और उन्हें बड़ी कंपनियों की ऐड फिल्म्स के ऑफर मिलने लगे। साल 1993 में ऐश्वर्या, आमिर खान और महिमा चौधरी के साथ पेप्सी के ऐड में नजर आईं, जिसमें उन्हें खूब पसंद किया गया। आगे उन्होंने फूजी और कोक कंपनी के ऐड में भी काम किया। ऐश्वर्या भारत की इकलौती एक्ट्रेस हैं जिन्होंने पेप्सी और कोक दोनों कंपनी के ऐड किए हैं।

### मिस वर्ल्ड बनने वाली दूसरी भारतीय बनीं ऐश्वर्या राय

साल 1993 में हुए मिस इंडिया ब्यूटी पेजेंट में सुष्मिता विजेता रहीं और ऐश्वर्या राय ने दूसरा स्थान हासिल किया। साल 1994 में ऐश्वर्या राय मिस वर्ल्ड बनीं। 1966 में रीता फारिया के बाद ये दूसरी भारतीय थीं जिन्होंने 28 साल बाद मिस वर्ल्ड का खिताब हासिल किया था। वॉग मैगजीन को दिए एक इंटरव्यू में ऐश्वर्या राय ने बताया था कि मिस इंडिया में हिस्सा लेने से पहले ही उनके पास 4 फिल्मों के ऑफर थे, लेकिन उन्होंने ब्यूटी पेजेंट का हिस्सा बनने के लिए सभी ऑफर ठुकरा दिए थे। रिजेक्ट की गई फिल्मों में ब्लॉकबस्टर हिट रही राजा हिंदुस्तानी (1996) भी शामिल थी।

### तमिल फिल्म से किया था फिल्मों में डेब्यू

मणिरत्नम की फिल्म इरुवर (1997) से ऐश्वर्या ने एक्टिंग डेब्यू किया। इसके बाद ऐश्वर्या और प्यार हो गया फिल्म से बॉलीवुड में आईं। ये फ्लॉप रही। साल 1998 में ऐश्वर्या तमिल फिल्म जींस में आईं, लेकिन ये भी फ्लॉप। साल 1999 में ऐश्वर्या की एक और फ्लॉप आ अब लौट चलें रिलीज हुई और इसी साल रिलीज हुई उनकी पहली ब्लॉकबस्टर हिट फिल्म हम दिल दे चुके सनम। इस फिल्म से ऐश्वर्या बॉलीवुड की टॉप एक्ट्रेस की लिस्ट में आ गईं, लेकिन ये फिल्म उन्हें एक इत्तेफाक से मिली।

### संजयलीला भंसाली की पहली पसंद नहीं थीं ऐश्वर्या

संजय लीला भंसाली अपनी फिल्म हम दिल दे चुके सनम में करीना कपूर को कास्ट करना चाहते थे, लेकिन करीना दूसरी फिल्मों में बिजी थीं। करीना ने फिल्म ठुकराई तो भंसाली ने मनीषा कोइराला को ऑफर दिया, जो उनकी पिछली हिट फिल्म खामोशी की हीरोइन थीं। मनीषा ने भी ये फिल्म करने से इनकार कर दिया।

### आमिर के कहने पर राजा हिंदुस्तानी के प्रीमियर में पहुंची थीं ऐश्वर्या

राजा हिंदुस्तानी के प्रीमियर में आमिर खान ने ऐश्वर्या को बुलाया। ऐश्वर्या ने ये सोचकर हामी भर दी कि कहीं आमिर नाराज ना हो जाएं, क्योंकि वो पहले ही राजा हिंदुस्तानी ठुकरा चुकी थीं। प्रीमियर में ऐश्वर्या राय, संजय लीला भंसाली के पास गईं और उन्होंने कहा, 'हाय, मेरा नाम ऐश्वर्या है, मुझे आपकी फिल्म खामोशी बहुत पसंद आई'। भंसाली को ऐश्वर्या की आवाज और आंखें इतनी पसंद आईं कि उन्होंने तुरंत ही उन्हें अपनी अगली फिल्म हम दिल दे चुके सनम में कास्ट करने का मन बना लिया। इस किस्से का जिक्र करते हुए खुद संजय लीला भंसाली ने फिल्मफेयर मैगजीन के एक इंटरव्यू में कहा था कि मुझे उसकी आंखों में आग दिखी। मैंने खुद से कहा कि यही तो मेरी नंदिनी है। हम दिल दे चुके सनम ऐश्वर्या के करियर में टर्निंग पॉइंट साबित हुई, जिसके लिए उन्हें बेस्ट एक्ट्रेस का पहला फिल्मफेयर अवॉर्ड मिला। 51 करोड़ कमाई करने वाली ये फिल्म साल 1999 की सबसे ज्यादा कमाई करने वाली फिल्म थी।

## 3 साल बाद इंडिया आ रही हैं प्रियंका, बोर्डिंग पास की फोटो शेयर कर जताई खुशी, लिखा- फाइनली मैं घर आ रही हूं



मुंबई, एजेंसी। प्रियंका चोपड़ा 3 साल बाद इंडिया वापस लौट रही हैं। एक्ट्रेस इस पल का इंतजार लंबे समय से कर रही थीं। इस मौके पर उन्होंने अपना एक्साइटमेंट दिखाते हुए सोशल मीडिया पर बोर्डिंग पास की फोटो शेयर की है। फोटो के साथ एक्ट्रेस ने इस बात की खुशी जताई है कि वो लंबे समय बाद अपने घर आ रही हैं।

### पहली बार इंडिया आ रही मालती

प्रियंका ने सोशल मीडिया पर बोर्डिंग पास की फोटो शेयर करते हुए लिखा- च्फाइनली मैं घर जा रही। लगभग 3 सालों बाद।ज बता दें कि एक्ट्रेस पहले अप्रैल में इंडिया आने वाली थीं, लेकिन किसी कारण उन्हें प्लान कैंसल करना पड़ा था। कोरोना काल के बाद यह प्रियंका की पहली ट्रिप है, जिसमें उनके साथ उनकी बेटी मालती भी पहली बार इंडिया आ रही हैं।

### इंडिया को मिस करती हैं प्रियंका

मीडिया को दिए इंटरव्यू में प्रियंका ने बताया था कि अप्रैल में वेकेशन पर थीं, लेकिन उनका मन हमेशा से इंडिया जाने के का था। प्रियंका कहती हैं- च्भारत में हर राज्य की अपनी भाषा, अपने कपड़े, अपना लिखने का तरीका, तरह-तरह की छुट्टियां है। जैसे ही आप किसी राज्य का बॉर्डर क्रॉस करते हैं, वैसे ही किसी नए देश में पहुंच जाते हैं। मैं जब भी घर जाती हूं, तो समय लेकर जाती हूं। ताकि मुझे घूमने और छुट्टियां मनाने का समय मिल सके।

### जनवरी में 1 साल की हो जाएंगी मालती

जनवरी में मालती अपना पहला जन्मदिन मानाएंगी। बता दें कि प्रियंका और निक सरोगेसी के जरिए 2022 में पेरेंट्स बने थे। इस बात की जानकारी खुद कपल ने सोशल मीडिया पर पोस्ट के जरिए दी थी। कपल ने अभी तक मालती का फेस दुनिया के सामने रिवील नहीं किया है, हालांकि एक्ट्रेस अपने मदरहुड फेज की फोटोज अक्सर शेयर किया करती हैं।

## कटरीना के बदले लुक्स को देख फैंस बोले, खूबसूरत चेहरे को क्यों बिगाड़ा?

**मुंबई, ईएमएस।** बहुत से एक्टर्स अपनी झुर्रियों, सैगी स्किन को छिपाने के लिए और यंग दिखने के लिए कई तरह के मेडिकल ट्रीटमेंट्स और सर्जरी का सहारा ले चुके हैं। लेकिन अमूमन एक्टर करवाई गए सर्जरी को लेकर खुलासा करने से बचते हैं, मगर इस बारे एक्ट्रेस कोईना मित्रा जरूर बात कर चुकी हैं। कोईना मित्रा ने इस बात को स्वीकारा था कि नाक की सर्जरी करवाने के बाद उनका करियर खत्म हो गया। अब हाल ही में प्लास्टिक सर्जरी को लेकर फेमस एक्ट्रेस कटरीना कैफ को खूब ट्रोल किया जा रहा है। हाल ही में कटरीना बिग बॉस शो के वीकेंड के वार एपिसोड में पहुंची, शो में उनके लुक्स काफी अलग नजर आए जिसे लेकर फैंस ने उन्हें ट्रोल करना शुरू कर दिया।



### मासूम दिखने वाली कटरीना को खोजना मुश्किल

बिग बॉस शो में येलो रंग की वन पीस ड्रेस में पहुंची कटरीना के लुक्स बेहद बदले-बदले नजर आए। यहां उनकी ड्रेसिंग सेंस नहीं बल्कि चेहरे की बात कर रहे हैं। शो में उनके पफ्ड चेहरे को देखकर फैंस इसे प्लास्टिक सर्जरी का नतीजा बता रहे हैं। कटरीना ने प्लास्टिक सर्जरी करवाई है या नई इस बारे में कुछ कहा नहीं कहा जा सकता लेकिन फैंस कटरीना के चेहरे को बोटोक्स ब्यूटी बता रहे हैं। कुछ फैंस लिख रहे हैं कि कटरीना ने अपने खूबसूरत चेहरे को बिगाड़ लिया।

### कटरीना की पुरानी और हालिया तस्वीरें शेयर कर रहे हैं फैंस

कटरीना के चेहरे की सर्जरी करवाने की बात कह रहे फैंस एक्ट्रेस की पुराने और नए चेहरे की तुलना कर रहे हैं। एक फैन ने कटरीना की इंडस्ट्री में उनके करियर के शुरुआती दिनों की तस्वीर की तुलना उनके लेटेस्ट लुक के साथ की है। इस तस्वीर को फैन ने लिखा, 'बिग बॉस शो के कंटेस्टेंट एमसी स्टैन ने कटरीना को बार्बी डॉल कहा, उन्होंने सही कहा चेहरे की प्लास्टिक सर्जरी करवाकर उन्होंने ब्यूटी खराब कर ली, क्यों किया आपने ऐसा।' एक अन्य फैन ने लिखा, कहना नहीं चाहिए लेकिन कैमिकल का इस्तेमा करवाकर कटरीना ने अपनी खूबसूरती बरबाद कर डाली, अब वो ज्यादा उम्रदराज और अजीब दिख रही हैं।

# मध्यप्रदेश उत्सव



नरेन्द्र मोदी, प्रधानमंत्री



शिवराज सिंह चौहान, मुख्यमंत्री

## 67 वां स्थापना दिवस

1 नवम्बर, 2022

## सभी प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई

- विकास दर 19.74% देश में सबसे अधिक
- सिंचित क्षेत्र साढ़े 7 लाख हेक्टेयर से बढ़कर अब 45 लाख हेक्टेयर
- लगातार 7 बार कृषि कर्मण पुरस्कार
- 3 लाख कि.मी. से अधिक सड़कों का विस्तार
- 6 हजार 675 गाँवों के सभी परिवारों के घर में नल से जल
- शहरी और ग्रामीण स्वच्छता में देश का अग्रणी राज्य
- उच्च शैक्षणिक गुणवत्ता के CM RISE स्कूल प्रारंभ किए गए
- लाड़ली लक्ष्मी योजना में 43 लाख से अधिक बेटियाँ लाभान्वित
- प्रधानमंत्री आवास योजना में 35 लाख आवास पूर्ण
- 3 करोड़ से अधिक आयुष्मान कार्ड
- सुशासन के लिए लोक सेवा गारंटी कानून, मुख्यमंत्री जन-सेवा अभियान, CM हेल्पलाइन जैसे नवाचार
- 21 हजार एकड़ भूमि माफिया से मुक्त
- आगामी 1 वर्ष में 1 लाख शासकीय भर्तियाँ और प्रतिमाह 2 लाख स्व-रोज़गार के अवसर

D-11132/22

**हमारा संकल्प समृद्ध मध्यप्रदेश**

मध्यप्रदेश जनसम्पर्क द्वारा जारी

आकल्पन : म.प्र. माध्यम/2022